# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी







## महाशिवरात्रि से पहले सुनिए प्रतिष्ठित पुजारियों की पुकार...

*पुजारियों ने रामचरित मानस की चौपाई- 'सो कलिकाल कठिन उरगारी। पाप परायन सब नर नारी।।' का जिक्र करते हुए कहा कि यही कलयुग है। सभी पाप परायन हो गए हैं। सत्य कहो तो सभी को गाली ही लगती है।*



- प्रतिष्ठित मंदिरों के पुजारियों ने कहा- कथावाचक टोटके बता रहे, यह पूजन शास्त्र-सम्मत नहीं
- शिवलिंग में दाल, चावल, धनिया, धान, तिल, गुड़ जैसी चीजें चढ़ाए जाने से महंत व पुजारी नाराज
- कहा- अपने फॉलोवर बढ़ाने परंपरा को पहुंचा रहे नुकसान, गलत पूजन विधि से हो रहा शिवलिंग का क्षरण



दमोह जिले के प्रसिद्ध जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में पुजारी सीतू पंडा

# शक्कर, तिल, फल्ली, चावल, अबीर, गुड़, चना जैसी सामग्री अर्पित मत कीजिए, शिवलिंग का हो रहा क्षरण

रुचि वर्मा/ रायपुर, उज्जैन, ओंकारेश्वर कवर्धा, पचमढ़ी, दमोह, राजिम

हरिभूमि खास

बुधवार को महाशिवरात्रि है। भगवान भोले के भक्तों के लिए विशेष दिवस। मंदिरों में भगवान भोलेनाथ की अराधना होगी, पूजा-पाठ का आयोजन होगा। भक्त शिवलिंग की पूजा करेंगे। अपनी-अपनी भावना से शिवलिंग का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक करेंगे। भगवान शिव भोले हैं। भक्तों की सहज और मन से की गई प्रार्थना से प्रसन्न हो जाते हैं। सदियों से शिवलिंग पर दूध, दही, शहद, बेलपत्र और धतूरा ही अर्पित करने की परंपरा रही है। लेकिन बीते कुछ साल से कथावाचकों ने ऐसे-ऐसे टोटके बताए हैं शेष पेज 4 पर



*शिवलिंग क्षरण को लेकर ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट के सायंकालीन पुजारी पंडित डंकेश्वर दीक्षित ने कहा कि दुध-दही इत्र शहद इत्यादि वस्तुओं को शिवलिंग पर चढाने से शिवलिंग पर लैक्टिक एसिड बनता है जो अत्यधिक नुकसान दायक होता है। वर्तमान समय में पंचामृत की शुद्धता में कोई गारंटी नहीं है। प्राचीन समय में शुद्ध गाय का घी होता था, दूध होता था, दही होता था लेकिन आज सारी चीजें केमिकलयुक्त मिल रही हैं। अलग अलग जगहों से यह भी बातें आ रहीं हैं कि मिनरल वाटर ही शिवलिंग पर चढायें लेकिन यह इसलिए कहा गया होगा क्योंकि कौन, कैसा, कहां से जल लाकर भगवान को अर्पित कर रहा किसे पता।*

### ऐसी सामग्री अर्पित न करें जिससे शिवलिंग को हानि हो



पूजन में सप्तधान अर्पित किए जाते हैं, लेकिन कथावाचक इसे टोटके के रूप में बताते हैं। जिस ढंग से वे इसे बताते हैं, उसके कारण भक्त अधिक मात्रा में इन चीजों को शिवलिंग पर चढ़ाते हैं। सभी की एक मात्रा और अर्पित करने के लिए वर्ष में एक दिन निर्धारित होता है। ये प्रतिदिन नहीं चढ़ाए जाते। ये पूजा पद्धति और विधान नहीं है। कथावाचक परंपरा को क्षति पहुंचा रहे हैं। भक्त इनसे सावधान रहें।

**- महेश पुजारी,** महाकालेश्वर उज्जैन अध्यक्ष अखिल भारतीय पुजारी महासंघ

### शिवलिंग को रगड़ने का विधान नहीं



शिव को यदि सप्तधान अर्पित करना है तो उन्हें स्पर्श करवाकर किनारे या आरती की थाल के सामने रख दें। शिव को सर्वाधिक जलधारा ही प्रिय है। शिवलिंग को रगड़ने का विधान कहीं भी नहीं है। कवर्धा में बूढ़ा महादेव की अत्यंत प्राचीन और सुंदर शिवलिंग था। यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता था, लेकिन क्षरण होने के कारण अब यह अपने मूल स्वरूप में नहीं रहा। भोरमदेव का मंदिर पुरातत्व विभाग के सहयोग से ही संरक्षित हो सका। यहां भी चांदी की परत चढ़ाई गई है।

**- पं.आशीष कुमार शास्त्री** प्रधान पुजारी, भोरमदेव मंदिर

### वे भोलेनाथ हैं, श्रद्धा से चढ़ाया गया जल ही पर्याप्त

नए-नए कथावाचक आकर जो बता रहे हैं कि धान चढ़ाओ, तिल चढ़ाओ, धनिया चढ़ाओ... ये सब ढोंग है। भगवान इन वस्तुओं का क्या करेंगे? वे तो स्वयं ही इन्हें उत्पन्न करने वाले हैं। श्रद्धा से चढ़ाया गय जल ही पर्याप्त है। गंगाजल, बेलपत्र, चंदन चढ़ाइए। ये ही शिव को प्रिय हैं। जल चढ़ाने से पूर्व भी शिवलिंग पर घी का लेप किया जाता है, ताकि क्षरण को कम किया जा सके। लेकिन कथावाचकों ने पूजा का विधान ही बदल दिया है।

**- पं.जनक सिंह ठाकुर,** सरोना शिव मंदिर, रायपुर

### कई तरह की समस्याएं

सुरेश्वर महादेव मंदिर के शिवलिंग पर बीते दिनों हमें चांदी की परत चढ़ानी पड़ी। भक्त आते हैं, श्रद्धा से जलाभिषेक या दुग्धाभिषेक करते हैं। कुछ भक्त कथावाचकों के कहने पर सामग्री भी अर्पित करते हैं। दिक्कत तब शुरू होती है जब वे शिवलिंग पर सामग्री को घिसते भी हैं। हम समझाते हैं कि श्रद्धा से अर्पित किया गया जल ही पर्याप्त है। अन्न सहित अन्य सामग्री अर्पित करने शेष पेज 4 पर



**स्वामी राजेश्वरानंद** सुरेश्वर महादेव, रायपुर

### श्री शिवाय नमस्तुभ्यं अधूरा श्लोक, जाप अनुचित

पंचाक्षर का मंत्र केवल 'ऊं नम: शिवाय' ही है। जिस श्री शिवाय नमस्तुभ्यं का उच्चारण करने कहा जाता है, वह दरअसल श्लोक-'' श्री शिवाय नमस्तुभ्यं मुखम व्यवहारने सदा, त्वं मुखम सर्व देव नाथ सर्व पाप विनाशनम '' का एक हिस्सा है। अब किसी भी अधूरे श्लोक का उच्चारण करना उचित कैसे है? चंदन के साथ तिलक करते हुए चावल के कुछ दाने लगाए जाते शेष पेज 4 पर



**पं.जनार्दन पांडेय** नीलकंठेश्वर, रायपुर

## मंत्री बोले 320 से ज्यादा सीटें मिली, कांग्रेस ने कहा- 25 जिलों में हम बनाएंगे अध्यक्ष

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव खत्म, रिजल्ट के साथ दोनों दलों के दावे



हरिभूमि न्यूज रायपुर

**चुनाव खत्म अब दावा**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीनों चरण खत्म हो गए हैं। सरपंच, पंच, जनपद और जिला पंचायतों की तस्वीरें साफ हो चुकी हैं। इसके साथ ही दावे का सिलसिला शुरू हो गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि जिला पंचायतों में हमने 320 से ज्यादा सीटें जीती हैं, जबकि कांग्रेस का कहना है कि 25 जिलों में सदस्य संख्या के आधार पर हम अध्यक्ष बनाएंगे। डिप्टी सीएम श्री शर्मा ने पंचायत चुनाव में किया जीत का दावा करते शेष पेज 4 पर

### कांग्रेस ने भी जारी किए आंकड़े

कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने दावा किया कि 225 से अधिक सीटों पर जिला पंचायत सदस्यों ने जीत दर्ज की है। हम प्रदेश के 25 जिलों में कांग्रेस के अध्यक्ष बनने की स्थिति में हैं। 18 स्थानों पर कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिला है। सात स्थानों पर कांग्रेस विचारधारा के लोग चुनाव जीते हैं। इस तरह 25 जिला पंचायतों में कांग्रेस को बहुमत मिला।





**रायपुर।** छत्तीसगढ. विधानसभा के बजट सत्र का सोमवार को आगाज हुआ। पहले दिन राज्यपाल रमन डेका का अभिभाषण हुआ। विधानसभा पहुंचने पर श्री डेका का विस अध्यक्ष डा.रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नेता प्रतिपक्ष डा चरणदास महंत ने स्वागत किया।

## विश्वनाथ के कपाट नहीं होंगे बंद

**काशी।** वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में 25 से 27 फरवरी तक वीआईपी दर्शन की सुविधा नहीं मिलेगी। ट्रस्ट के हवाले से कहा गया है, महाशिवरात्रि के दिन मंदिर के कपाट बंद नहीं किए जाएंगे और रात 11 बजे से अगले दिन सुबह 6.30 बजे तक चार घंटे की आरती की जाएगी। महाशिवरात्रि के दिन गंगा आरती नहीं की जाएगी।

# ऑटो चालक...पांचवीं जीत, एक ही परिवार से सास-बहू-ननद बनीं नेता

जामगांव आर आसकरण जैन

*पंचायत चुनाव में प्रत्याशियों ने कहीं चार बार तो कहीं तीन जीत हासिल की। उनके कार्यों को सराहते हुए मतदाताओं ने उनके परिवारों को भी भरपूर समर्थन दिया और उनकी अनुपस्थिति में जीत दिलाई। टेमरी में एक आटोचालक ने चार बार पंचायत चुनाव जीता और पत्नी भी एक बार सरपंच बनी। महासमुंद जिले के पिथौरा जनपद क्षेत्र में एक परिवार से जिला पंचायत, जनपद पंचायत सदस्य व सरपंच चुनी गईं हैं।*

अलग खबर

नगर से महज 7 किलोमीटर की दूरी पर एक छोटा सा गांव है टेमरी। इस गांव में एक समय खेमलाल देशलहरा ऑटो चलाकर अपने परिवार का गुजर-बसर करते थे। 2010 में उन्हें जनपद सदस्य का चुनाव लड़ने का मौका मिला, वे चुनाव जीते और जनपद सदस्य बन गए। इसके बाद भी उन्होंने ऑटो चलाना नहीं छोड़ा। 2010 से 2015 तक वे जामगांव आर से पाटन तक जनपद सदस्य रहते हुए लोगों को लाना ले जाना करते थे। इस दौरान पाटन में रहकर राजनीति भी कर लेते। छत्तीसगढ़ी भाषा में अच्छी पकड़ के कारण हास्य और चुटीला अंदाज लोगों को खूब पसंद आता है। इस वजह से छत्तीसगढ़ी हास्य कवि के रूप में भी उनकी पहचान बनी। अपनी सरलता के शेष पेज 4 पर



### खास बातें

- तीसरी बार बने जनपद सदस्य, एक बार खुद सरपंच रहे, एक बार पत्नी
- पहले आटो चलाकर गुजर-बसर करते थे, क्षेत्र में एकनाथ शिंदे के नाम से मशहूर





### चुटीले अंदाज ने गांव-गांव में दिलाई पहचान

**निकुम/ दिलीप साहू।** दुर्ग से करीब 20 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत खाड़ा पिछले करीब 25 सालों से नंदकुमार साहू और उनके परिवार के आसपास ही केंद्रित है। नंदकुमार तीसरी बार गांव से सरपंच बने हैं। इससे पहले दो बार उनकी पत्नी सरपंच रह चुकी हैं। इतना ही शेष पेज 4 पर



- 25 साल से साहू परिवार का कब्जा

### एक ही परिवार की तीन महिलाएं जीतीं

**महासमुंद।** चुनाव के अजब-गजब परिणाम के बीच एक ही परिवार की सास, बहू और देवरानी का त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में चुना जाना चर्चा का विषय बना हुआ है। महासमुंद जिले के पिथौरा जनपद क्षेत्र में पूर्व जनपद अध्यक्ष रामदुलारी शेष पेज 4 पर



- सास जिपं सदस्य, देवरानी जपं सदस्य और बहू बनी सरपंच











## महाकुंभ से लौट रही जीप-बस भिड़ंत में छह की मौत

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में सुबह प्रयागराज से तेज गति से आ रही एक जीप की एक निजी बस से टक्कर हो गई जिससे छह लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, पीड़ित कर्नाटक के बेलगावी जिले के गोकक तालुका के थे। वे 18 फरवरी को गोकक से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के लिए निकले थे। घटना खितौला थाना क्षेत्र के पहरेवा गांव के पास हुई। घायलों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराकर उनके गृहग्राम रवाना किया।

## रूस यूक्रेन जंग पूरे हुए तीन साल

**24 फरवरी 2022 को पुतिन की सेना ने छेड़ी थी जंग**

**काउंटर अटैक कर यूक्रेन ने रूस की जमीन पर भी किया है कब्जा**

*रूस और यूक्रेन युद्ध को पूरे तीन साल हो चुके हैं, 24 फरवरी 2022 को ही के दिन पुतिन की सेना ने बड़ा हमला करते हुए यूक्रेन में युद्ध छेड़ दिया था। यह अलग बात रही कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उस युद्ध को एक मिलिट्री ऑपरेशन बताया था, तब तो उनकी तरफ से 72 घंटे में पूरे यूक्रेन पर कब्जा करने की बात भी हुई थी। लेकिन अब जब तीन साल हो चुके हैं, इस युद्ध में ना रूस जीता है और ना ही अभी तक यूक्रेन हारा है। यह एक ऐसा युद्ध रहा है जहां पर यूक्रेन को पश्चिमी देशों का लगातार समर्थन मिला और रूस अपनी सैन्य क्षमता की दम पर लगातार काउंटर ऑपरेशन चलाता रहा। लेकिन अब तीन सालों बाद फिर सवाल उठता है- इस खूनी जंग में यूक्रेन ने क्या खोया है, इस खूनी जंग में रूस ने क्या हासिल किया है?*

# 18 फीसदी तक सिकुड़ा यूक्रेन, रूस की जीडीपी को भी तगड़ा नुकसान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सारे आंकड़े बताते हैं कि रूस और यूक्रेन को इस एक युद्ध की वजह से जबरदस्त नुकसान हुआ है। हजारों लोग तो मरे ही हैं, अर्थव्यवस्था भी तहस-नहस हुई है। आईएमएफ का आंकड़ा कहता है कि जब तीन साल पहले युद्ध छिड़ा था, रूस की अर्थव्यवस्था 1.3 फीसदी तक गिर गई थी, यह अलग बात है कि अब कुछ हद तक रीकवर करते हुए आंकड़ा 3.6 फीसदी तक पहुंच गया है। लेकिन अभी भी रूस की आर्थिक हालत अच्छी नहीं है, चाहकर भी बिक्री कई सेक्टरों में नहीं बढ़ पा रही है। महंगाई रिकॉर्ड स्तर पर है और इंटरेस्ट रेट भी काफी ज्यादा चल रहे हैं। यूक्रेन की बात करें तो वहां पर अभी 2022 में इकोनॉमी 36 फीसदी तक गिर गई थी, ऐसी गिरावट थी कि उठना काफी मुश्किल। लेकिन 2023 आते-आते यूक्रेन ने अपनी आर्थिक गति को 5.3 फीसदी तक पहुंचाया, इसे रूस की तुलना में बेहतर वापस भी माना गया। लेकिन जानकार कह रहे हैं कि कई सेक्टरों पर युद्ध का असर साफ देखने को मिल रहा है, आने वाले समय में यूक्रेन की जीडीपी भी 2.7 प्रतिशत तक गिर सकती है।

**किसे क्या हासिल हुआ**

वैसे जिस मकसद के साथ रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था, वो अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। वर्तमान आंकड़े बताते हैं कि यूक्रेन की 18 फीसदी जमीन पर अब रूस का कब्जा है। पहली नजर में कहा जा सकता है कि यह तो एक बड़ी सफलता है, लेकिन अगर पूरे तीन साल के युद्ध को देखा जाए तो एक समय रूस के पास इससे काफी ज्यादा जमीन थी, यानी कि यूक्रेन की जवाब की कार्रवाई ने उल्टा रूस को बैकफुट पर ढकेला है।






**यूक्रेन ने रूस की जमीन पर भी किया कब्जा**

समझने वाली बात यह भी है कि यूक्रेन ने सिर्फ अपनी खोई जमीन हासिल नहीं की बल्कि काउंटर ऑपरेशन में रूस की भी कुछ जमीन पर कब्जा जमाया। पिछले साल अगस्त का महीना व्लादिमीर पुतिन के लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं रहा। ऐसा इसलिए क्योंकि तब एक अप्रत्याशित हमले में यूक्रेन ने रूस के कर्स्क इलाके पर आक्रमण कर दिया था। बताया गया कि यूक्रेनी सेना पूरे 10 किलोमीटर तक रूसी जमीन के अंदर घुस गई और उसने 250 स्क्वायर किलोमीटर लैंड पर कब्जा किया।

### ढाई लाख रिहायशी बिल्डिंग्स को नुकसान

आंकड़े बता रहे हैं कि इस खूनी जंग में अब तक कुल 2024, 236,000 रिहायशी बिल्डिंग्स को नुकसान पहुंचा है। बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक तमाम डेटा छिपाने के बाद भी, कहा जा सकता है कि रूस के 95 हजार सैनिकों की इस युद्ध में जान गई है। यूक्रेन की बात करें तो उसके भी 45 हजार से ज्यादा जवान मारे गए हैं, 12654 आम नागरिकों की भी जान गई है।

### यूक्रेन में सबसे बड़ा विस्थापन

अब इस खूनी जंग ने यूक्रेन को एक और बड़ा आघात दिया है। असल में इस युद्ध में उसके सैकड़ों लोग तो मारे ही गए हैं, उससे भी ज्यादा विस्थापित हुए हैं। यूएन हाई कमीश्नर ऑफ रिफ्यूजी आंकड़ों को अगर डीकोड किया जाए तो पता चलता है कि अकेले 2024 में यूक्रेन से 3.7 मिलियन लोग अपने ही देश में विस्थापित हो चुके हैं, यानी कि एक जगह से दूसरी जगह जाने पर मजबूर हुए हैं।

## संयुक्त राष्ट्र ने यूक्रेन से रूसी सैनिकों की तत्काल वापसी के प्रस्ताव को स्वीकारा



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सोमवार को यूक्रेन के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जिसमें आक्रमण के तीन साल पूरे होने पर यूक्रेन से सभी रूसी सैनिकों की तत्काल वापसी की मांग की गई है। कुल 193 सदस्यीय विश्व निकाय में 93 सदस्यों ने इसके पक्ष में मतदान किया जबकि 18 ने विरोध किया। भारत सहित 65 सदस्य मतदान से अनुपस्थित रहे। इस निकाय के प्रस्ताव कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं हैं, लेकिन इन्हें विश्व जनमत का संकेतक माना जाता है। पिछले प्रस्तावों में 140 से अधिक देशों ने रूस की आक्रामकता की निंदा की थी तथा चार यूक्रेनी क्षेत्रों पर उसके कब्जे को हटाने की मांग की थी।

## 'एक हाथ ले, दूसरा हाथ दे', युद्ध रोकने जेलेंस्की ने रखा प्रस्ताव

पिछले तीन साल से यूक्रेन और रूस के बीच चल रही जंग को खत्म करने के लिए यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस के सामने एक प्रस्ताव रखा है। इसके तहत जेलेंस्की ने प्रस्ताव दिया है कि दोनों देश एक-दूसरे के सभी युद्धबंदियों की अदला-बदली करें। रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की तीसरी वर्षगांठ पर कीव में एक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए जेलेंस्की ने कहा, 'रूस को यूक्रेनियों को रिहा करना चाहिए। इसके बदले में यूक्रेन भी सभी के बदले सभी युद्धबंदियों को छोड़ने के लिए तैयार है और यह शुरुआत करने का एक उचित तरीका है।' यूक्रेनी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की मध्यस्थता में अक्टूबर 2024 में रूस और यूक्रेन ने 95-95 युद्धबंदियों की अदला-बदली की थी।

## यूक्रेन बनेगा यूरोपीय संघ-नाटो का सदस्य रूस के लिए माफी नहीं: पोलिशचुक

**हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली।** रूस-यूक्रेन युद्ध की तीसरी वर्षगांठ के मौके पर भारत में यूक्रेन के राजदूत डॉ. ओलेक्सांद्र पोलिशचुक के नेतृत्व में उनके दूतावास परिसर के प्रांगण में यूरोपीय संघ (ईयू) के विभिन्न देशों के राजनयिकों ने युद्ध में मारे गए लोगों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मोमबत्तियां जलाईं। यह एक प्रकार युद्ध के दौरान रूस के विरोध में यूक्रेन और ईयू देशों द्वारा दुनिया के सामने प्रकट की गई एकजुटता को प्रदर्शित करता है। साथ ही इससे यूरोपीय देशों ने यूक्रेन को दिए जा रहे अपने समर्थन का प्रमाण भी सबके सामने प्रस्तुत किया है। इसके बाद आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूक्रेन के राजदूत ने कहा कि हम यूरोपीय संघ और नाटो के सदस्य बनेंगे।

---

**बधाई देते ही लड़ाई शुरू...**

**स्पीकर और आतिशी के बीच पहले ही दिन विधानसभा में टकराव**

# भगत सिंह और डॉ. आंबेडकर की तस्वीर हटाने को लेकर हंगामा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा सत्र के पहले दिन की कार्यवाही हंगामेदार रही. विजेंद्र गुप्ता को दिल्ली विधानसभा का स्पीकर चुना गया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा था। इससे पहले उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने अरविंदर सिंह लवली को प्रोटेम स्पीकर की शपथ दिलाई। इस दौरान दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने स्पीकर विजेंद्र गुप्ता को बधाई दी. लेकिन इसके साथ ही उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधा। आतिशी ने कहा कि आपको अध्यक्ष बनने पर बहुत-बहुत बधाई। लेकिन मैं बहुत पीड़ा से यह कह रही हूं कि दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय से शहीद-ए-आजम भगत सिंह और डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीर हटा दी है। इससे बीजेपी के दलित विरोधी, सिख विरोधी और देश विरोधी मानसिकता का पता चलता है। आतिशी के इस बयान पर सदन में हंगामा मच गया।



### होने लगी बहस

इस पर आम आदमी पार्टी और बीजेपी के विधायकों के बीच बहस होने लगी। विजेंद्र गुप्ता ने आतिशी से कहा कि वह सदन के सौहार्दपूर्ण माहौल को खराब करने की कोशिश कर रही हैं। लेकिन हंगामा कम होता नहीं देखकर विजेंद्र गुप्ता ने आतिशी को बैठ जाने को कहा। लेकिन ऐसा नहीं होने पर विधानसभा स्पीकर ने कहा कि मैं कड़े शब्दों में आतिशी के व्यवहार की निंदा करता हूं। वह बिना किसी कारण के माहौल को खराब करने की कोशिश कर रही हैं। विपक्ष के इस तरह के रवैये को सदन बर्दाश्त नहीं करेगा। गुप्ता ने कहा कि मुझे लगता है कि विपक्ष सदन को सुचारू ढंग से चलने देना नहीं चाहता। मैं चेतावनी देता हूं कि अगर विपक्ष नियम और कानून का उल्लंघ करेगा या फिर अव्यवस्था फैलाने की कोशिश करेगा तो इसे सहन नहीं किया जाएगा। ये व्यवहार निंदनीय है।

### भाजपा ने एक्स पर फोटो साझा कर लिखी ये बात

दिल्ली भाजपा ने अपने एक्स अकाउंट पर एक फोटो साझा की है, जिसमें एक दीवार डॉ. बीआर आंबेडकर और शहीद भगत सिंह का चित्र लगा हुआ है। साथ ही लिखा है कि 'दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं सभी मंत्रियों के कक्ष में श्रद्धेय महात्मा गांधी, बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर, भगत सिंह, महामहिम राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चित्र सुशोभित हैं।'

## जर्मनी : शोल्ज हारे, दक्षिणपंथी नेता मर्ज बने नए चांसलर

एजेंसी ▶▶| बर्लिन

जर्मनी में रूढ़िवादी विपक्षी नेता फ्रेडरिक मर्ज ने रविवार को राष्ट्रीय चुनाव में जीत हासिल की चुनाव संबंधी अनुमानों से पता चलता है कि 'अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी' (एएफडी) का समर्थन बढ़कर दोगुना हो गया है जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से किसी घोर दक्षिणपंथी विचारधारा वाली पार्टी का सबसे मजबूत प्रदर्शन है। चांसलर ओलाफ शोल्ज ने अपनी मध्यमार्गी वामपंथी विचारधारा वाली 'सोशल डेमोक्रेट्स' की हार स्वीकार कर ली है। ओलाफ शोल्ज ने इसे ''कड़वा चुनाव परिणाम'' बताया। सार्वजनिक टेलीविजन प्रसारक 'एआरडी' और 'जेडडीएफ' के अनुमानों के अनुसार, शोल्ज की पार्टी राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में सबसे खराब परिणाम के साथ तीसरे स्थान पर रही। मर्ज ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह 'ईस्टर' तक गठबंधन सरकार बना लेंगे, लेकिन यह चुनौतीपूर्ण होने की संभावना है।



**भारत लाना होगा अब 'नामुमकिन'**

# भगोड़े ललित मोदी ने ली वनुआतु की नागरिकता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत सरकार की ओर से भगोड़ा घोषित ललित मोदी ने भारत लौटने से बचने के लिए एक बड़ी चाल चली है। पूर्व आईपीएल चेयरमैन ने प्रशांत महासागर के छोटे से देश वनुआतु की नागरिकता ले ली है। अब मोदी को वापस भारत लाना अब बेहद मुश्किल हो गया है। रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि बिजनेसमैन और पूर्व क्रिकेट प्रशासक ने अब भारत की नागरिकता छोड़ दी है। भारत और वनुआतु के बीच किसी तरह का प्रत्यर्पण समझौता नहीं है और भारत सरकार को वापस भारत लाना अब कूटनीतिक तौर पर मुश्किल साबित हो सकता है।



### 125 करोड़ के घोटाले का आरोप

ललित मोदी को भारत सरकार ने भगोड़ा घोषित किया है और उस पर 125 करोड़ के घोटालों का आरोप है। पूर्व आईपीएल चेयरमैन ने अब तक भारत की नागरिकता छोड़ने के बारे में एजेंसियों को सूचना नहीं दी है। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ललित मोदी को वनुआतु से नया पासपोर्ट 30 दिसंबर 2024 को जारी किया गया है। भारत और वनुआतु के बीच कोई प्रत्यर्पण समझौता नहीं है और इसलिए भारत सरकार के लिए पूर्व क्रिकेट प्रशासक को वापस लाना बहुत मुश्किल हो सकता है।

### ये है मामला

*ललित मोदी साल 2010 में भारत छोड़कर लंदन भाग गए थे। उन पर वित्तीय अनियमितताओं, मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। भारत की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनके खिलाफ कई मामलों की जांच शुरू की थी और भारतीय अदालतों ने उन्हें पेश होने के आदेश भी दिए थे। मोदी पर आईपीएल मीडिया राइट्स और फ्रेंचाइजी डील के जरिए करोड़ों रुपये के घोटाले का आरोप है।*

**बांग्लादेशी हिंदू मामला**

# 'दूसरे देश के मामलों में हस्तक्षेप नहीं'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बांग्लादेश में हिंदुओं और बाकी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की खंडपीठ ने कहा कि यह विदेशी मामलों से संबंधित मुद्दा है। ऐसे में अदालत दूसरे देश के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी नहीं कर सकती। इसके बाद याचिकाकर्ता ने अपनी जनहित याचिका वापस ले ली और मामला खारिज कर दिया गया। लुधियाना के व्यवसायी राजेश ढांडा की ओर से यह पीआईएल दाखिल की गई थी। वह लुधियाना स्थित भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव समिति के अध्यक्ष भी हैं। एससी में दायर याचिका में यह भी मांग की गई कि भारत आने वाले हिंदुओं के लिए नागरिकता के आवेदन पर विचार करने की समय सीमा बढ़ाई जाए। याचिका में शीर्ष अदालत से केंद्र सरकार को न्याय के हित में निर्देश देने के लिए कहा गया था।



बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी सुखौना टेबलेट 20 वर्षों से प्रसिद्ध HMS देखकर खरीदें 94060-21769
घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

**कंट्रोल करने के लिए सेना ने संभाला मोर्चा**

# बांग्लादेश के एयरफोर्स बेस पर बदमाशों का हमला



एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश में कॉक्स बाजार एयरफोर्स बेस पर एक बड़ा हमला हुआ है। हमलावर कुछ बदमाश बताए जा रहे हैं। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। बांग्लादेशी आर्मी की मीडिया विंग इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने जानकारी दी। सेना ने स्थिति को संभालते हुए घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान 30 वर्षीय स्थानीय व्यापारी शिहाब कबीर के रूप में की गई थी, जिसकी कथित तौर पर गोली मारकर हत्या हुई है। बांग्लादेशी सशस्त्र बलों के अधिकारी ने बताया है कि कॉक्स बाजार वायुसेना अड्डे से सटे समिति पारा के कुछ अपराधियों ने कॉक्स बाजार स्थित वायुसेना अड्डे पर हमला बोल दिया गया है।

### हमले की वजह

अधिकारियों ने कहा है कि बांग्लादेशी वायुसेना इस संबंध में आवश्यक कदम उठा रही है। बताया जा रहा है कि यह हमला एक भूमि विवाद के कुछ घंटों बाद हुआ है, जिसके कारण वायुसेना कर्मियों और स्थानीय निवासियों के बीच टकराव हुआ था। बता दें कि बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस के कार्यकाल में यह पहला हमला है।

**जांच में जुटे सुरक्षाबलों के जवान :** इस मामले में टीबीएश न्यूज के मुताबिक कॉक्स बाजार के डिप्टी कमिश्नर मोहम्मद सलाहुद्दीन ने भी पुष्टि की है कि सोमवार दोपहर स्थानीय लोगों और वायुसेना के जवानों के बीच झड़प हुई थी। सलाहुद्दीन ने कहा कि इस झड़प के कारणों की जांच दोनों पक्षों से बातीच के जरिए की जाएगी और आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑम्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91 0771 4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन
सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

रायपुर
मंगलवार, 25 फरवरी 2025
फाल्गुन कृष्ण पक्ष द्वादशी
वर्ष : 23, अंक : 220
पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5 .00**

**मौसम**
अधि. 33.6
न्यून. 19.8


हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# छग में 35 फीसदी से ज्यादा पीने वाले, पांच बरस में कमाई दोगुनी, इस साल टूटा रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में पिछले पांच साल में सरकार को शराब से मिलने वाला राजस्व लगभग दोगुना हो गया है। यही नहीं, राज्य में पीने पिलाने वालों की तादाद भी लगातार बढ़ती जा रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एनएफएचएस) की तरफ से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ में शराब पीने वालों की संख्या आबादी का 35.9 प्रतिशत है। इस साल फरवरी में ही पिछले साल के मुकाबले शराब की खपत ज्यादा हो चुकी है। हालांकि टार्गेट से अभी पीछे है, पर बाकी सालों की तुलना में इस बार आंकड़ा उछाल पर है।




**चालू वित्तीय वर्ष में 8600 करोड़ राजस्व मिला, पिछले पूरे साल में इतना ही राजस्व मिला था**

## 11 हजार करोड़ का टार्गेट अब तक 8600 करोड़ मिले

छत्तीसगढ़ में चालू वित्तीय वर्ष में आबकारी राजस्व से करीब 8 हजार 600 करोड़ रुपयों का राजस्व मिला है। हालांकि राज्य सरकार ने इस वर्ष के लिए आबकारी राजस्व का लक्ष्य 11 हजार करोड़ रुपए रखा है। आबकारी प्रशासन के उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो आने वाले एक महीने में यानि 31 मार्च तक लक्ष्य पूरा होने की संभावना है। वजह ये है कि वित्तीय वर्ष की आखिरी तिमाही में छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक शराब की बिक्री अधिक होती है। इसलिए लक्ष्य पूरा होने की संभावना है। खास बात ये है कि पिछले वित्तीय वर्ष में सरकार को आबकारी से कुल 8 हजार 600 करोड़ रुपए मिले था। लेकिन इस साल यह जनवरी फरवरी में ही यह राजस्व मिल गया है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि राज्य में पिछले साल से अधिक शराब की बिक्री इस साल हो रही है। 31 मार्च के बाद साफ होगा कि इस वित्तीय वर्ष में कितनी शराब बिकी और कुल राजस्व कितना मिला। 11 हजार करोड़ का लक्ष्य प्राप्त होगा या नहीं।




छत्तीसगढ़ में शराब बिक्री बढ़ने के साथ ही जाहिर है पीने वालों की संख्या भी बढ़ रही है। देश के जिन राज्यों में शराब पीने वाले बढ़े है उनमें छत्तीसगढ़ भी शामिल है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एनएफएचएस) की तरफ से जारी हालिया आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में हर पांचवां पुरुष यानी देश के 22.4% पुरुष शराब के शौकीन हैं। शराब पीने वाले पुरुषों में 59.1 प्रतिशत के साथ गोवा सबसे आगे है, इसके बाद अरुणाचल प्रदेश (56.6 प्रतिशत), तेलंगाना (50 प्रतिशत), झारखंड (40.4 प्रतिशत), ओडिशा (38.4 प्रतिशत), सिक्किम (36.3 प्रतिशत), छत्तीसगढ़ (35.9 प्रतिशत), तमिलनाडु (32.8 प्रतिशत), उत्तराखंड (32.1 प्रतिशत), आंध्र प्रदेश (31.2 प्रतिशत), पंजाब (27.5 प्रतिशत), असम (26.5 प्रतिशत), केरल (26 प्रतिशत) और पश्चिम बंगाल (25.7 प्रतिशत) का स्थान है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पुंछ के ऊंचे इलाकों में सेना ने घेरा आतंकियों को

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सुरक्षा बलों ने सोमवार को नियंत्रण रेखा के पास कई स्थानों के ऊंचे जंगलों की घेराबंदी की है। अधिकारियों ने बताया कि खबर मिली है कि ये आतंकवादी पिछले साल सीमा पार से इस तरफ आ गये थे और माना जाता है कि वे ऊंचे इलाकों में घने जंगलों में छिपे हुए हैं।



### 11 करोड़ की ड्रग्स सहित महिला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीमा शुल्क विभाग ने सोमवार को बताया कि 20 वर्षीय एक महिला को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खाद्य सामग्री और चावल के पैकेटों में छिपाए गए 11 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थों की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक बयान में इसकी जानकारी दी गयी है।



### शांति को बढ़ावा देने चार नगाओं का सम्मान

**कोहिमा।** असम राइफल्स ने नगालैंड के चार लोगों को सम्मानित किया, जिन्होंने समाज पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हुये शांति को बढ़ावा दिया है तथा जनता एवं सेना के बीच संबंधों को मजबूत किया है। असम राइफल्स के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल विकास लखेरा ने पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।



### मानहानि मामले में सुनवाई छह मार्च तक स्थगित

**सुलतानपुर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के एक मामले में सुलतानपुर की विशेष एमपी एमएलए अदालत ने मामले की सुनवाई वादी के वकील द्वारा हाजिरी माफी की अर्जी दिये जाने के कारण आगामी छह मार्च तक के लिए स्थगित कर दी।



### बाबा सफीदों गिरोह का हथियार सप्लायर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बाबा सफीदों गिरोह के एक सदस्य और गिरोह के मुख्य हथियार आपूर्तिकर्ता भोला शंकर को मुंबई से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि भोला शंकर दुबई भागने की फिराक में था लेकिन मुंबई के अंधेरी-पूर्व इलाके से उसे पकड़ लिया गया। भोला शंकर हरियाणा के जींद का रहने वाला है। उसके खिलाफ दिल्ली एवं हरियाणा में पांच मामले दर्ज हैं।



भागलपुर से देश के 9.80 करोड़ किसानों के खाते में पहुंची पीएम किसान सम्मान निधि राशि

# महाकुंभ की सियासत पर अब बोले मोदी कोसने वाले राममंदिर से भी चिढ़ रहे

*बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इस चुनाव से पहले पीएम मोदी ने बिहार की धरती से पूरे देश के किसानों को बड़ी सौगात दी है। पीएम मोदी ने लाखों किसानों को किसान निधि सम्मान का पैसा सीधे उनके अकाउंट में ट्रांसफर किया। पीएम मोदी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय प्रयागराज में एकता का महाकुंभ चल रहा है लेकिन यह जंगलराज वाले महाकुंभ को ही गाली दे रहे हैं। महाकुंभ को लेकर भद्दी-भद्दी बातें कर रहे हैं।*

एजेंसी ▶▶| भागलपुर

पीएम मोदी ने कहा राम मंदिर से चिढ़ने वाले लोग महाकुंभ को भी कोसने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। मैं जानता हूं कि महाकुंभ को गाली देने वाले ऐसे लोगों को बिहार कभी माफ नहीं करेगा। यह भारत की आस्था, भारत की एकता और समरसता का सबसे बड़ा महोत्सव है। पीएम मोदी ने कहा कि पूरे यूरोप की जितनी जनसंख्या है उससे भी ज्यादा लोग एकता के इस महाकुंभ में स्नान कर चुके हैं। बिहार से भी गांव-गांव से लोग महाकुंभ में गए लेकिन यह जंगलराज वालों को महाकुंभ की व्यवस्थाएं रास नहीं आ रहीं वे जमकर कोस रहे हैं। वे किसी न किसी तरह से अफवाह भी फैला रहे हैं ताकि लोग महाकुंभ में न जाएं। मोदी ने कहा कि आज ही भागलपुर से देश के 9.80 करोड़ किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त के रूप में कुल 22 हजार करोड़ हस्तांतरित किया। इसमें बिहार के 76 लाख किसान शामिल हैं। बिहार के किसानों के खाते में 1600 करोड़ रुपये भेजे जाएंगे। मोदी ने कहा कि किसान को खेती के लिए अच्छे बीज चाहिए।

## किसानों की समस्याओं को दूर करने में लगाया पूरा जोर

### विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ

*पीएम मोदी ने कहा कि मैंने लाल किले से कहा है कि विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ हैं। इनमें गरीब, हमारे अन्नदाता किसान, हमारे नौजवान और हमारे देश की नारी शक्ति। एनडीए सरकार चाहे केंद्र में हो या फिर यहां नीतीश के नेतृत्व में चल रही सरकार हो, किसान कल्याण हमारी प्राथमिकता में है। बीते दशक में हमने किसानों की हर समस्या की समाधान के लिए पूरी शक्ति से काम किया है।*



### साय ने कहा-19वीं किश्त, छग के किसानों को शुभकामनाएं

सीएम विष्णुदेव साय ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में कहाए आज देश के किसान पीएम किसान निधि की 19वीं किश्त जारी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के किसानों के खाते में भी राशि आएगी। छत्तीसगढ़ के किसानों की बधाई शुभकामनाएं। 2019 से योजना की शुरुआत हुई है। सरकार को सवा साल हुआ है, हमने भी काफी प्रयास किए हैं। छत्तीसगढ़ सरकार की विशेष पहल से किसान भी ज्यादा ज्यादा इस योजना से जुड़ रहे हैं। पट्टा देने के लिए सरकार की योजना का लाभ किसानों को हो रहा है। राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र भी योजना के लाभार्थी बन रहे हैं।

**विधानसभा में बोले योगी**

## गिद्धों को लाश, सुअरों को गंदगी, महाकुंभ में जिसने जो तलाशा उसको वो मिला

महाकुंभ को लेकर विपक्षी नेताओं की बयानवाजी पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जमकर लताड़ा। विधानसभा में योगी ने कहा कि महाकुंभ में जिसने जो तलाशा उसे वह नजर आया है। गिद्धों को लाश मिली, सुअरों को गंदगी मिली है। संवेदनशील लोगों को रिश्तों की सुंदर तस्वीर मिली, आस्थावानों को पुण्य, सज्जनों को सज्जनता मिली, अमीरों को धंधा मिला, गरीबों को रोजगार मिला। भक्तों को भगवन मिले, श्रद्धालुओं को साफ सुधरी व्यवस्था मिली। जिसकी जैसी नियत थी, जैसी दृष्टि थी, उसको वैसी ही व्यवस्था मिली है। सपा के लोग लगातार महाकुंभ पर टिप्पणी करते रहते हैं। इनकी मानसिकता जगजाहिर है। इनको केवल हर चीज का विरोध करना है। सीएम योगी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय की ओर इशारा करते हुए कहा कि 2013 में आपको जाने नहीं दिया गया था। इस बार आप गए, स्नान किया, सराहना की, वहां की सुविधाओं की मुक्त कंठ से प्रशंसा भी की है।



**शराब घोटाला मामला**

## वेलकम, सीजी डिस्टलरीज़ सहित आठ कंपनियों को बनाया गया आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में पीएमएलए कोर्ट ने शराब घोटाला के आरोपी अनवर ढेबर की ओर से दाखिल 190 सीआरपीसी का आवेदन स्वीकार कर लिया है। याचिका पर सोमवार को कोर्ट ने सुनवाई करते हुए शराब निर्माता तथा शराब कारोबार से जुड़े आठ लोगों के खि ला फ अपराध दर्ज करने आदेश जारी किया है। संबंधित लोगों को समन जारी कर 28 फरवरी को कोर्ट में पेश होने आदेश जारी किया गया है।

- अनवर ढेबर ने पिछले महीने पीएमएलए कोर्ट में शराब निर्माता कंपनियों को आरोपी बनाने लगाई थी याचिका

ईडी के वकील डॉ. सौरभ पाण्डेय के मुताबिक शराब घोटाला मामले में पीएमएलए कोर्ट ने वेलकम डिस्टिलरीज़, भाटिया वाइन मर्चेंट्स, सीजी डिस्टलरीज़, एमएस नेक्स्ट जेन, दिशिता वेंचर्स, ओम साईं ब्रेवरेजेज, सिद्धार्थ सिंघानिया और एमएस टॉप सिक्योरिटीज को आरोपी बनाया है। ईडी ने जांच में ▶▶| शेष पेज 4 पर

### जांच को नई दिशा मिलेगी

कानूनी जानकारों के मुताबिक शराब निर्माता कंपनियों को आरोपी बनाए जाने के बाद शराब घोटाले की जांच को नई दिशा मिलेगी। आरोपी बनाई गई शराब निर्माता कंपनियों से पूछताछ में शराब घोटाला में किन किन लोगों की भूमिका रही है, ईडी इसकी नए सिरे से एक बार फिर से पड़ताल कर सकती है। वित्तीय ऑडिट और पीएमएलए प्रावधानों के तहत संपत्तियों की कुर्की की प्रक्रिया तेज हो सकती है। जांच एजेंसियों के पास कई संदिग्ध बैंक लेन-देन और कंपनियों के बीच हुए वित्तीय लेन-देन से जुड़े ठोस सबूत हैं, जो घोटाले में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

### ईओडब्लू, एसीबी कोर्ट में 10 मार्च को सुनवाई

शराब निर्माता कंपनियों के खिलाफ अपराध दर्ज करने अनवर ढेबर तथा अनिल टूटेजा ने ईओडब्लू तथा एसीबी की अदालत में भी अर्जी दाखिल की है। शराब कंपनियों के खिलाफ अपराध दर्ज किए जाने के मामले की सुनवाई ईओडब्लू तथा एसीबी की विशेष अदालत में 10 मार्च को होगी।

## धान की 770 बोरियों में भर दिया मिट्टी, भूसी और रेत

### 2 करोड़ की गड़बड़ी, साढ़े 7 हजार क्विंटल धान भी गायब



- मल्हार समिति के प्रबंधक एवं डाटा एण्ट्री आपरेटर के खिलाफ होगा जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

सेवा सहकारी समिति मल्हार में 2 करोड़ की धान की गड़बड़ी का मामला सामने आया है। यहां के प्रबंधक एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटर ने मिलकर साढ़े 7 हजार क्विंटल धान गायब कर दिया। यही नहीं 770 के करीब बोरियों में भूसी और रेती डाल दिया है, जिससे की बोरियां धान से भरी लग सकें। शिकायत के बाद मामले की जांच कराई गई। खाद्य निरीक्षक मस्तुरी के जांच प्रतिवेदन में शिकायत सही पाई गई। कलेक्टर अवनीश शरण ने मामले में उप पंजीयक सहकारी ▶▶| शेष पेज 4 पर

### 18 हजार 759 बोरी धान गायब

संयुक्त जांच टीम जब मौके पर पहुंची तो किसानों द्वारा बेचे गए धान का भौतिक सत्यापन किया गया है। इसके लिए स्टाक मिलान किया गया। अधिकारियों के मुताबिक मल्हार केन्द्र में 23 हजार 256 बोरी धान होनी चाहिए था, लेकिन मौके पर 5267 बोरी धान ही पाया गया। जबकि 18 हजार 759 बोरी धान गायब था। इसमें भी धान उपार्जन केन्द्र मल्हार में प्राप्त 5267 धान की बोरियों में से ▶▶| शेष पेज 4 पर

### जांच टीम को गुमराह करने की कोशिश

इस पूरे मामले में यह भी जानकारी मिल रही है कि शिकायत के लिए जांच टीम पहुंचने की जानकारी सेवा सहकारी समिति मल्हार के प्रबंधक एवं डाटा एण्ट्री आपरेटर को एक दिन पहले ही मिल गई थी। इसलिए उसने जांच टीम को गुमराह करने की पूरी कोशिश की। केन्द्र से गायब धान की पूर्ति तो इतनी जल्दी नहीं की जा सकती थी इसलिए ▶▶| शेष पेज 4 पर

### 16 व्यापारियों से 577 क्विंटल धान जब्त

इसके साथ ही बिलासपुर तहसील के अंतर्गत 16 व्यापारियों के यहां से 577 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया। इस मामले में जिन व्यापारियों के विरुद्ध मंडी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई उनके नाम हैं- शत्रुघ्न साहू सेंदरी, किशन जायसवाल बेलतरा, सुनील कश्यप बसहा, धनेश्वर कश्यप सलका, त्रिलोकचंद साहू बैमा, रामकृष्ण यादव बरतोरी, शत्रुहन प्रसाद दगौरी, कृष्णा धान भंडार चकरभाठा, सुरेश धान भंडार चकरभाठा, साधराम नेवसा, पिंटु ट्रेडर्स सेलर, रूपचंद किराना स्टोर्स बिल्हा, सोबुराम पटेल मगरउछला, रामकृष्ण कश्यप सलका, ईश्वर साहू बिरकोना एवं त्रिलोकचंद साहू बैमा शामिल हैं।

## राज्यभर में चुने गए मेयर सीएम से मिले



**रायपुर।** राज्य के 10 निगमों में चुने गए महापौरों ने सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस दौरान सीएम साय ने उनसे कहा-नगरीय निकाय के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी पर अथाह विश्वास जनता ने जताया है, जिससे पार्टी को प्रचंड विजय हासिल हुई है। दस के दस नगर निगम में भाजपा की ऐतिहासिक विजय हमारी डबल इंजन की सरकार के कार्यों का प्रमाण है। इसलिए अब जनता के विश्वास पर खरा उतरना सभी नवनिर्वाचित महापौर की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। अटल विश्वास पत्र के एक-एक वादों को पूरा करना उनका लक्ष्य हो। जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं, ताकि हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं सहज रूप से मिल सकें।

**मुंगेली और रायगढ़ जिले में एसीबी ने की कार्रवाई**

## नाप तौल निरीक्षक, सहा.उप निरीक्षक और सहयोगी रिश्वत लेते पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

एंटी करप्शन ब्यूरो की कार्रवाई लगातार जारी है। इस बार एसीबी की टीम ने मुंगेली जिले में सहायक उप निरीक्षक, उसके सहयोगी एवं रायगढ़ में नाप तौल निरीक्षक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार मुंगेली जिले के ग्राम सूरजपुरा निवासी देवेंद्र बर्मन ने एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत की थी कि उसके विरुद्ध थाना लालपुर जिला मुंगेली में अपराध दर्ज है।उक्त मामले में बड़ी धारा जुड़ने से बचाने के लिए ▶▶| शेष पेज 4 पर



### रायगढ़ में एसीबी की लगातार कार्रवाई

रायगढ़ जिले में घरघोड़ा के एक पेट्रोल पंप संचालक ने एंटी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर में यह शिकायत की थी कि उसके पेट्रोल पंप में नोजल स्टैंपिंग का कार्य करने के एवज में रायगढ़ में पदस्थ नापतौल निरीक्षक ओलिभा किस्पोट्टा ने उससे 20 हजार रुपए रिश्वत ▶▶| शेष पेज 4 पर

**बिरजू तारम नक्सल हत्या की जांच के लिए पहुंची अफसरों की टीम**

## बिरजू नक्सल हत्या की जांच, एनआईए ने मारे छापे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा नेता बिरजू तारम की नक्सल हत्या के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने सोमवार को मोहला-मानपुर- चौकी जिले के करीब आधा दर्जन लोगो के यहां दबिश देकर जांच पड़ताल की है। छह अलग-अलग टीम ने मानपुर, सरखेड़ा और बसेली के अलावा कुछ गांव में नक्सली समर्थकों और उनके शुभचिंतकों के घरों को खंगाला है। बताया जा रहा है कि मानपुर में एनआईए की टीम ने बृजेश सिंह नामक एक सरकारी शिक्षक के घर में भी धावा बोला। विधानसभा चुनाव के दौरान 20 अक्टूबर 2023 को नक्सलियों ने बिरजू ▶▶| शेष पेज 4 पर



### डेढ़ साल बाद जांच में आई तेजी


विधानसभा चुनाव के डेढ़ साल बाद एनआईए ने घोर नक्सल क्षेत्रों में दबिश देकर इस हत्याकांड में शामिल सहयोगियों की पतासाजी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि टीम रविवार दोपहर बाद राजनांदगांव पहुंच गई थी। सोमवार तड़के टीम ने ताबड़तोड़ छापेमारी की।

### सुरजू ने दी अहम जानकारी?

सूत्रो ने बताया कि जेल में बंद नक्सल समर्थक सुरजू टेकाम से एनआईए को अहम जानकारियां मिली है। छापेमारी को क्षेत्रीय नक्सल समर्थकों और बिरजू नेताम की हत्या में शामिल संदिग्धों की घेराबंदी से जोड़कर देखा जा रहा है। मोहला-मानपुर इलाके में एनआईए की यह पहली कार्रवाई है। एनआईए को कुछ सरकारी कर्मचारियों की गतिविधियों से जुड़ी भी अहम जानकारियां मिली है। आने वाले दिनों में टीम अपनी कार्रवाई तेज कर सकती है।

### भारत ने पेनकिलर दवाओं के निर्यात पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** भारत ने दर्द निवारक दवाओं टैपेंटाडोल और कैरीसोप्रोडोल के उत्पादन और निर्यात पर रोक लगा दी है। यह कदम इन दवाओं के पश्चिम अफ्रीकी देशों में दुरुपयोग की खबरों के चलते उठाया गया है। भारत से इन दोनों दवाओं का पश्चिम अफ्रीकी देशों में निर्यात किया जाता है। भारतीय औषधि महानियंत्रक ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रण प्राधिकरणों से निर्यात संबंधी सभी अनापत्ति प्रमाणपत्र और दोनों दवाओं के सभी संयोजनों के उत्पादन की अनुमति को रद्द करने को कहा है।



## चिंतन

# तीन वर्ष से जारी यूक्रेन व रूस युद्ध जल्द खत्म हो

युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है, यह बात अमूमन विश्व के सभी ताकतवर नेता जानते हैं, फिर भी यूक्रेन व रूस के बीच जारी युद्ध को तीन साल हो गए। अमेरिकी शह पर नाटो में शामिल होने की यूक्रेन की जिद के खिलाफ शुरू हुए युद्ध के तीन साल पूरे होने के बाद आज रूस व यूक्रेन तबाही के मंजर पर खड़े हैं। हजारों रूसी व यूक्रेनी सैनिकों की जान गई है। हजारों यूक्रेनी जनता को युद्ध की तबाही झेलनी पड़ी है। जिस अमेरिकी शह पर यूक्रेन युद्ध में कूदा था, आज तीन साल बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की लगभग अकेले खड़े हैं। अमेरिका में सरकार बदलने के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन की ओर से मुंह मोड़ लिया है, उसके बाद जेलेंस्की के लिए युद्ध जारी रखना केवल यूरोप के भरोसे भारी पड़ रहा है। इस युद्ध को समाप्त कराने के लिए अमेरिका व रूस के प्रतिनिधि के बीच सऊदी अरब में वार्ता चल रही है। बड़ा सबक यह है कि जो देश दूसरे के भरोसे युद्ध में कूदते हैं और दूसरी की दुश्मनी निभाने का माध्यम बनते हैं, उसको हमेशा शिकस्त ही खानी पड़ती है या नुकसान अधिक उठाना पड़ता है। यूक्रेन ने कभी नहीं सोचा कि उसकी जड़ें यूएसएसआर (पूर्व के सोवियत संघ) में हैं, पश्चिम में नहीं। पश्चिम ने कभी भी रूसी संस्कृति, रूसी अस्मिता और पहचान को मान्यता नहीं दी है। अमेरिका व यूरोप के अधिकांश देशों की रूस से अदावत रही है। यूक्रेनी राष्ट्रपति को अपने आवाम की संरचना, संस्कृति और जरूरत को पहले देखना चाहिए। केवल नाटो में शामिल हो जाने से यूक्रेन अभेद्य नहीं बन सकता था, दूसरा कि यूक्रेन को यह पता होना चाहिए था कि अमेरिका कितनी दूर तक उसका साथ देगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने सत्ता संभालते ही नाटो के विचार को ही तिलांजलि दे दी, अमेरिका रूस के साथ नरम हो गया। सोमवार को यूरोप और कनाडा के कई नेता यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे हैं। इस दौरे से युद्धरत राष्ट्र के प्रति समर्थन प्रदर्शित किया गया है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो विदेशी आगंतुकों में शामिल हैं। केवल भौगोलिक रूप से यूरोप में होने के चलते यूक्रेन को अमेरिकी मदद अनवरत जारी रहने का मुगालता नहीं रहना चाहिए था। अमेरिका ने यूक्रेन का भ्रम तोड़ दिया है, साथ ही ट्रंप ने यूरोप को भी संदेश दिया है कि अमेरिकी जरूरत के बाद ही यूरोप की आकांक्षा है। कनाडा को लेकर ट्रंप का विवादित बयान चर्चा में है, कनाडा इसलिए भी यूक्रेन के साथ खड़ा हुआ है। अमेरिकी नीति में बदलाव के बाद कहा जा रहा है कि अस्तित्व की इस लड़ाई में, केवल यूक्रेन का ही नहीं बल्कि पूरे यूरोप का भविष्य दांव पर लगा है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा, उत्तरी यूरोपीय देशों के प्रधानमंत्रियों सहित कई नेता युद्ध की वर्षगांठ से जुड़ी बैठकों में भाग लेने और यूक्रेन को समर्थन देने पर चर्चा करेंगे। छह मार्च को ब्रसेल्स में यूरोपीय संघ के 27 नेताओं की एक आपातकालीन बैठक होगी, जिसमें यूक्रेन बातचीत के एजेंडे पर शीर्ष में होगा। राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की युद्ध के प्रति अमेरिकी नजरिये में राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा किए गए बदलावों के कारण तेजी से बदलते अंतरराष्ट्रीय माहौल को देख रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने युद्ध को जल्दी खत्म करने के अपने चुनावी वादों को पूरा करने की कोशिश शुरू की है, इस कोशिश के तरीकों ने यूक्रेन और यूरोप में कई लोगों को चिंतित कर दिया है, जो मानते हैं कि उनका दृष्टिकोण समझौतावादी है। भारत ने वार्ता की हमेशा वकालत की, उस पर रूस व यूक्रेन अमल करें और युद्ध को तुरंत खत्म करें।

# मनोरंजन और मर्यादा के बीच लक्ष्मण रेखा आवश्यक



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर और सोशल मीडिया इन्फलुएंसर रणवीर अलाहबादिया को 'इंडिया गॉट लेटेस्ट' शो में उनके द्वारा अपने माता-पिता के नितांत निजी क्षणों के बारे में किए गए अत्यंत भद्दी टिप्पणी पर कड़ा फटकार लगाते हुए कहा है कि उनके दिमाग में गंदगी भरा है। दूसरी ओर अदालत ने सरकार से भी पूछा है कि वह सोशल मीडिया में बढ़ रहे अश्लीलता के मामले को रोकने के लिए क्या कदम उठा रही है? गौरतलब है कि कुछ दिन पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यूट्यूब पर स्टैंडअप कॉमेडियन समय रैना के इंडिया 'गॉट लेटेंट शो' को होस्ट करते हुए रणवीर अलाहबादिया , समय रैना और अपूर्वा माखीजा ने अत्यंत अश्लील और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया था जिसने मर्यादा की सारी हदें लांघ दी। इस शो के खिलाफ जहां संसद और महिला आयोग में मामला उछला है वहीं देश के अनेक शहरों में विभिन्न संगठनों द्वारा शो से जुड़े रणवीर सहित अन्य के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने इन मामलों के परिप्रेक्ष्य में शो से जुड़े लोगों को तलब किया था जिसके परिप्रेक्ष्य में रणवीर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर किया है। अलबत्ता अदालत ने रणवीर को गिरफ्तारी से तो राहत दे दी है लेकिन उनके सहित अन्य सहयोगियों पर सुनवाई पूरी होने तक कोई भी शो करने और विदेश जाने पर बंदिश लगा दी है। अब देखना यह होगा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फटकार का ऐसे लोगों पर कितना असर होता है जो पैसा कमाने के लिए कुछ भी बोलने और कुछ भी दिखाने में गुरेज नहीं करते?

गौरतलब है कि भारतीय समाज मूलतः उत्सवधर्मी और मनोरंजन प्रेमी है लेकिन बदलते परिवेश में हास्य के नाम पर दर्शकों को कुछ भी परोसा जा रहा है। आज इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल और इसके नियमन के अभाव के चलते लोगों के पास मनोरंजन के लिए अनेक विकल्प मौजूद हैं। कालांतर में पारिवारिक मनोरंजन के लिए केवल रेडियो ,सिनेमा और टेलीविजन ही पारंपरिक माध्यम हुआ करते था। वैश्विक व्यापार और आर्थिक उदारीकरण ने देश में टेलीविजन पर सरकारी चैनल के एकाधिकार को खत्म करते हुए केबल टीवी और डीटीएच के माध्यम से दर्शकों के सामने अनेक चैनलों का विकल्प रख दिया। दूसरी ओर इंटरनेट के बढ़ते धमक ने चैनलों को पीछे छोड़ते हुए मनोरंजन की दुनिया में फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम और ओटीटी का आगाज कर दिया। आधुनिक पीढ़ी का इन प्लेटफॉर्म्स के प्रति आकर्षण इतना है कि सोशल मीडिया से जुड़े अधिकांश इन्फ्लुएंसर्स आपत्तिजनक, भौंडा, अश्लील और शर्मनाक कंटेंट के जरिए नाम और पैसा दोनों कमा रहे हैं लेकिन इस कमाई में मर्यादा तार- तार हो रही है। इसके इतर सोशल मीडिया से जुड़े यू-ट्यूब और ओटीटी प्लेटफॉर्म में एडल्ट और पोर्न कंटेंट का भरमार है जो स्कूली बच्चे से लेकर सभी उम्र के लोगों के पहुंच में है।



यह अतिशयोक्ति नहीं होगी कि इंटरनेट और मोबाइल फोन ने मनोरंजन के साथ ही परिवारों को भी बांट दिया है। वर्तमान दौर में परिवार के प्रत्येक सदस्य अपने - अपने इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर अपने पसंदीदा ओटीटी प्लेटफॉर्म पर मशगूल हैं। चिंताजनक यह कि इंटरनेट और ओटीटी अब भारतीय परिवारों के लिए दुश्वारियां भी बन रही है इन माध्यमों पर ऐसे कार्यक्रम, कॉमेडी शो और वेब सिरीज़ प्रसारित हो रहे हैं जो युवाओं और किशोरों के मस्तिष्क पर बुरा प्रभाव डाल रहे हैं।ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऐसे कार्यक्रम, कॉमेडी शो और वेब सिरीज प्रसारित हो रहे हैं जिसमें बेहद अश्लील दृश्य, भद्दी गालियां, नशाखोरी और हिंसा के कथानक परोसे जा रहे हैं जो हमारी सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों पर चोट पहुंचा रही है। देश में महिलाओं के साथ बढ़ते दुष्कर्म, हिंसा, अपराध और नशाखोरी के लिए बहुत हद तक जिम्मेदार इंटरनेट और सोशल मीडिया में मौजूद आपत्तिजनक और अश्लील कंटेंट हैं। टेलीविजन आज भी आम भारतीय परिवारों के जिंदगी का अहम हिस्सा है लेकिन वर्तमान दौर में यह माध्यम भी अपना भरोसा खोते जा रहा है। एक दौर था जब टेलीविजन पूरे परिवार के लिए सूचना और मनोरंजन का मुख्य जरिया हुआ करता था लेकिन आज टीवी चैनलों में मनोरंजन के नाम पर सीरियल्स में विवाहेत्तर संबंधों से लेकर फूहड़ता से भरे सिरीयलों की भरमार है। विभिन्न चैनलों में दिखाए जाने वाले विज्ञापन इतने अश्लील और भद्दे होते हैं कि बड़े - बुजुर्गों के लिए बगले झांकना या चैनल बदलना अनिवार्य मजबूरी बन जाती है। बिलाशक आज के भाग-दौड़ वाले जीवनचर्या में हर कोई कुछ पल खुलकर हंसना और खुश रहना चाहता है जिसमें कॉमेडी की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत सहित दुनिया में मशहूर कॉमेडियन, कलाकार, हास्य कवि, कार्टूनिस्ट और व्यंग्यकार हुए हैं जिन्होंने सिनेमा, स्टेज शो और अपनी रचनाओं के माध्यम से दर्शकों, श्रोताओं और पाठकों को खूब हंसाया और गुदगुदाया है लेकिन हाल के वर्षों में कॉमेडी के नाम पर जिस तरह से फूहड़ता और बदजुबानी परोसी जा रही है वह समाज में सांस्कृतिक प्रदूषण फैला रहा है।

बहरहाल सिर्फ टीवी सीरियल्स और वेब सिरीज़ ही मर्यादा की हदें नहीं लांघ रहे हैं बल्कि बॉलीवुड के फिल्मों में नग्नता, फूहड़ता, हिंसा, अपशब्दों का प्रयोग और नशाखोरी का जबरदस्त तड़का लगाया जा रहा है। गौरतलब है कि भारतीय सिने उद्योग का एक स्वर्णिम इतिहास रहा है जिसने देश की सांस्कृतिक चेतना के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। बदलते दौर में जब युवा पीढ़ी के बीच वर्जनाओं की दीवार टूट रही है तब हिंदी फिल्म जगत भी इसके चपेट में आकर मर्यादा की हदें लांघ रहा है। सिनेमा को समाज का आईना कहा जाता है लेकिन भारतीय समाज का चेहरा इतना विद्रूप नहीं है जितना आजकल के मुंबईया फिल्मों में दिखाया जा रहा है। आजकल के अधिकांश हिंदी फिल्मों में द्विअर्थी और आपत्तिजनक संवाद, अश्लील भाव - भंगिमा, हिंसा और मादक पदार्थों का सेवन करते दृश्यों का भरमार है जिसे परिवार के साथ देखना असहज होता है। भोजपुरी जैसे अनेक क्षेत्रीय भाषाओं के फिल्मों और वीडियो एल्बमों में संवाद और गाने के नाम पर सिर्फ और सिर्फ द्विअर्थी शब्दों और अश्लील और आपत्तिजनक वेशभूषा और भाव भंगिमाओं की भरमार है। इसके इतर दक्षिण भारतीय सिनेमा उद्योग आज भी कलात्मकता और रचनात्मकता को प्राथमिकता देते हुए ऐसी फिल्में बना रही है जिसके हिंदी रूपांतरण को उत्तर भारतीय दर्शकों का काफी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। अतिशयोक्ति नहीं होगी कि हिंदी पट्टी के दर्शक भी अब दक्षिण भारतीय फिल्मों के हिंदी रूपांतरण का बेसब्री से इंतजार करते हैं। विचारणीय है कि किसी फिल्म में अभिनेत्री के अश्लील पहनावे के रंग पर हाय- तौबा मचाने वाले धार्मिक और सामाजिक संगठनों की फिल्मों में बढ़ते अश्लीलता और हिंसा के मसले पर चुप्पी भी बहुत कुछ कहती है।

गौरतलब है कि इंटरनेट और सोशल मीडिया में आपत्तिजनक सामाग्रियों को रोकने के लिए आईटी एक्ट में धारा 66 ए का प्रावधान था लेकिन साल 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने उस कानून को रद्द कर दिया था। इस कानून के रद्द होने के बाद सरकार ने सोशल मीडिया में आपत्तिजनक कंटेंट के रोकथाम हेतु कोई कानून नहीं बनाया है बल्कि सरकार पुराने भारतीय दंड संहिता 'आईपीसी' और भारतीय न्याय संहिता 'बीएनएस' के तहत कार्रवाई करती है। संसद में ऐसे मामलों पर सांसदों द्वारा कड़े कानून बनाने की मांग की जा रही है क्योंकि संविधान की सातवीं अनुसूची में सोशल मीडिया और सायबर अपराध से संबंधित कानून बनाने की शक्ति केंद्र सरकार के पास ही है। अलबत्ता सोशल मीडिया से जुड़े तमाम इंफ्लुएंसर्स और यूट्यूबर्स को समझना होगा कि भारतीय समाज लज्जा और मर्यादा के तानेबाने में गुंथा है लिहाजा अभिव्यक्ति की आजादी और खुलेपन के नाम पर कुछ भी बोलना और दिखाना उचित नहीं है इस दिशा में स्व- नियमन और आत्मानुशासन की जरूरत है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

प्रमोद भार्गव



# कठिन है अश्लीलता पर रोक की डगर

ऑनलाइन डिजिटल मंचों पर अष्लीलता और हिंसा दिखाए जाने पर अंकुश लगाने के लिए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय कानूनी रास्ते तलाश रहा है। सरकार को यह कदम इसलिए उठाना पड़ रहा है, क्योंकि यूट्यूब पर प्रसारित 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में यूट्यूबर रणवीर इलाहबादिया ने बयान नहीं की जा सकने वाली अत्यंत अशोभनीय टिप्पणियां की हैं। इस कारण उन पर अनेक राज्यों में कई एफआईआर भी दर्ज हुई हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर इस तरह की हरकतें और वार्तालाप इसलिए संभव हो जाते हैं, क्योंकि अश्लीलता को आईटी कानूनों में स्पष्ट रूप में परिभाषित अब तक नहीं किया जा सका है। नतीजतन न्यायाधीश स्वयं के विवेक और दृष्टिकोण पर निर्णय लेते हैं। ज्यादातर इस प्रकृति के निर्णय निंदा एवं चेतावनी देने तक सीमित रहते हैं, फलतः अश्लील सामग्री परोसने वाले बच निकलते हैं। रणवीर की टिप्पणियों के बाद पूरा देश गुस्से में हैं, इसलिए डिजिटल प्लेटफॉर्म अर्थात सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी की मांग उठ रही है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की संसदीय समीति ने भी चिंता जताई है कि अश्लील और हिंसक दृश्य एवं श्रव्य कार्यक्रम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बहाने दिखाए जा रहे हैं, जो संवैधानिक अधिकार का दुरुपयोग है। अतएव इस परिप्रेक्ष्य में कठोर कानून जरूरी है। 'ओवर द टॉप' अर्थात ओटीटी प्लेटफॉर्म पर फिल्म एवं वेब सीरीज पर दिखाई जा रही अश्लीलता चिंता का विषय है, अतएव इस पर नियंत्रण जरूरी है। सर्वोच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली पीठ पहले भी कह चुकी है कि 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बहुसंख्यक लोगों के धार्मिक स्वतंत्रता का हनन नहीं कर सकती है।' यह बात अदालत ने अमेजन प्राइम कमर्शियल की प्रमुख अपर्णा पुरोहित की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कही थी। दरअसल यह मामला तांडव वेब सीरीज से जुड़ा था। अदालत ने कहा था, 'अश्लीलता दिखाने वाले सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की जांच होनी चाहिए। इन पर नियंत्रण तो जरूरी है ही, एक बोर्ड का भी गठन किया जाए, जो इन पर नियंत्रण के उपाय सुझाए।' हालांकि अब ओटीटी पर नियंत्रण के लिए ऐसी व्यवस्था होगी, जिससे पालक अपने बच्चों के लिए ऐसी सीरीज प्रतिबंधित कर सकेंगे, जिनमें अश्लीलता परोसी जा रही है। आयु वर्ग के हिसाब से भी इन्हें बालक, किशोर एवं वयस्क श्रेणियों में बांटा जाएगा। जिससे जरूरत के हिसाब से इन पर नियमन संभव हो। हालांकि अभी तक कुछ किया नहीं जा सका है। इस बाबत दुविधा ये है कि मानव-मस्तिष्क को विकृत और दूषित करने वाली अश्लील सामग्री किसे माना जाए? क्योंकि साहित्य और कला के क्षेत्र में ऐसे हजारों पृष्ठ और कलाकृतियां एवं मूर्तियां हैं, जिन्हें अश्लीलता की परिभाषा में लाना आसान नहीं होता। मोबाइल व कंप्यूटर पर इंटरनेट की घातकता का दायरा निरंतर बढ़ रहा है। इंस्टाग्राम हो या फेसबुक या फिर गूगल ये सब विदेशी कंपनियां अकूत धन कमाने की तृष्णा में सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से भारतीय बच्चों, किशोरों व युवकों को पोर्नोग्राफी के जाल में फंसाकर उनका न केवल भविष्य बर्बाद कर रहे हैं, बल्कि साइबर अपराधी बनाकर उनके पूरे जीवन पर ही कालिख पोतने का काम कर रही हैं। ये सब कंपनियां ऑनलाइन चाइल्ड सेक्स ट्रेफिकिंग को बढ़ावा दे रही हैं। इसका दुर्भाग्यपूर्ण पहलू यह है कि किशोरों को अश्लील फिल्में दिखाकर बच्चे और सगे-संबंधी नाबालिग ही इनकी करतूतों का शिकार हो रहे हैं। लंदन के पास बसे शहर सोहो में इस तरह की वीडियो क्लीपिंग बनाने का धंधा खुलेआम चल रहा है।

आज सूचना तकनीक की जरूरत इस हद तक बढ़ गई है कि समाज का कोई भी क्षेत्र इससे अछूता नहीं रह गया है। भारत में इंटरनेट डेटा की खपत इसके सस्ते होने की वजह से भी बढ़ रही है। पिछले चार साल में डेटा की खपत 56 गुना बढ़ी है, वहीं दरों में कमी 99 प्रतिशत हुई है। इकोनॉमिक सर्वेक्षण के अनुसार 2016 में डेटा की दरें 200 रुपए प्रति जीबी थी, जो 2019 में घटकर 12 रुपए प्रति जीबी तक आ गई हैं। दुनिया में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली एक पोर्न वेबसाइट ने बताया है कि भारत में 2018 में औसतन 8.23 मिनट पोर्न वीडियो देखे गए, वहीं 2019 में यह अवधि बढ़कर 9.51 मिनट हो गई। यह आंकड़ा सिर्फ एक वेबसाइट का है, जबकि दुनिया में पोर्न संबंधी 150 करोड़ वेब पेज सक्रिय हैं। इनमें 28 करोड़ वीडियो लिंक हैं। ये पोर्न वेबसाइट जिन 20 देषों में सबसे ज्यादा देखी गईं, उनमें भारत का स्थान तीसरा है। आज इस पर लगाम लगाने की जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार व स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## ईश्वर की प्राप्ति ही तो जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य



संकलित
दर्शन

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्माचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए।

## समर्पित भक्त का वास वैकुन्ठ में



संकलित
प्रेरणा

एक ब्राह्मण था तथा महान भक्त था, वह मंदिर की पूजा में बहुत शानदार सेवा पेश करना चाहता था, लेकिन उसके पास धन नहीं था। एक दिन की बात है वह एक भागवत पाठ में बैठा हुआ था और उसने सुना कि नारायण मन में भी पूजे जा सकते हैं। उसने इस अवसर का लाभ उठाया क्योंकि वह एक लंबे समय से सोच रहा था कि कैसे बहुत शान से नारायण की पूजा करूं, लेकिन उसके पास धन नहीं था। जब वह यह समझ गया, कि मन के भीतर नारायण की पूजा कर सकते हैं। एक दिन वह गोदावरी नदी में स्नान करने के बाद एक पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। अपने मन के भीतर वह बहुत खूबसूरत सिंहासन का निर्माण कर रहा था, गहनों के साथ लदी और सिंहासन पर भगवान की मूर्ति को रखते हुए, वह भगवान का गंगा, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी नदी के जल के साथ अभिषेक कर रहा था। फिर बहुत ही उत्तम तरह से भगवान का श्रृंगार कर और फूल, माला के साथ पूजा करते हुए, वह मीठे चावल बहुत अच्छी तरह से भोजन के रूप में पका रहा था। वह परखना चाहता था कि भोजन भोग के लिए कहीं गरम तो नहीं हैं। तो ऐसा जानने के लिए उसने भोजन में अपनी उंगली डाली तो उसकी उँगली जल गई। तब उसका ध्यान टूटा क्योंकि वहाँ कुछ भी नहीं था। केवल अपने मन के भीतर वह सब कुछ कर रहा था। लेकिन उसने अपनी उंगली जली हुइ देखी। तो वह चकित रह गया। इस तरह, वैकुन्ठ से नारायण, मुस्कुरा रहे थे। देवी लक्ष्मीजी ने पूछाः आप क्यों मुस्कुरा रहे हैं ?

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### आवारा मवेशियों की समस्या का हल जरूरी

देशभर में आवारा मवेशियों की समस्या दिनोंदिन विकराल होती जा रही है। जहां एक ओर आवारा मवेशी सड़क हादसों का सबब बन रहे हैं, तो दूसरी ओर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आज शहर हो या गांव, आवारा मवेशियों के आतंक से कोई अछूता नहीं हैं। इनके सर्वत्र घूमने से आमजन का अपने घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है। सड़क हादसों में होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण आवारा मवेशी भी हैं, जो यातायात व्यवस्था को तो बाधित करते ही हैं साथ ही उनके अचानक बीच सड़क पर आ धमकने से सड़क हादसे भी अंजाम लेते हैं। ऐसे में सवाल है कि आखिर कैसे घूम रहे हैं आवारा मवेशी और कौन है इनका असली मालिक? साथ ही इनसे होने वाले नुकसान के लिए कौन जिम्मेदार है। सरकार को इस ओर उचित ध्यान देना चाहिए। *- मानिक मेहता, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# पाक सरकार करेगी मंदिरों और गुरुद्वारों का जीर्णोद्धार



पाकिस्तान सरकार ने देश में मंदिरों और गुरुद्वारों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए एक अरब पाकिस्तानी रुपये की लागत से एक 'मास्टर प्लान' तैयार किया है। यह निर्णय यहां 'इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड' (ईटीपीबी) की बैठक में शनिवार को इसके प्रमुख सैयद अतउर रहमान की अध्यक्षता में लिया गया। रहमान ने कहा, 'मास्टर प्लान के तहत मंदिरों और गुरुद्वारों का जीर्णोद्धार कर उन्हें सजाया जाएगा और एक अरब पाकिस्तानी रुपये के बजट से विकास कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों के पूजा स्थलों की देखभाल पर खासा धन खर्च किया जा रहा है। रहमान ने यह भी कहा कि ईटीपीबी को इस वर्ष एक अरब रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। बैठक में देश भर से हिंदू और सिख समुदायों के सदस्यों के साथ-साथ सरकारी और गैर-सरकारी सदस्यों ने भाग लिया। ईटीपीबी विकास योजना में संशोधन की आवश्यकता के बारे में अपनी बात रख रहे बोर्ड सचिव फरीद इकबाल ने सदस्यों को बताया कि विभाग की आय बढ़ाने के उद्देश्य से योजना में बदलाव करने के बाद अब ट्रस्ट की संपत्तियों को विकास के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है।

## ऑफ बीट

# पहले गठिया सिर्फ अमीरों की बीमारी थी; अब आम



गठिया 'क्रिस्टल आर्थ्रोपेथी' समूह का एक रोग है, जो जोड़ों और मुलायम ऊतकों में 'क्रिस्टल' जमने के कारण होता है। गठिया तब विकसित होता है, जब खून में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ जाता है और यह जोड़ों में पहुंचकर सुई-नुमा 'क्रिस्टल' का रूप अख्तियार कर लेता है, जिससे तीव्र दर्द और सूजन की शिकायत सताती है। यह आमतौर पर पैर के अंगूठे से शुरू होता है और इसमें त्वचा पर हल्का-सा स्पर्श भी अक्सर असहनीय लगता है। गठिया के कुछ मरीज अपने पैर के ऊपर एक विशेष पिंजरा रखकर सोते हैं, जिससे चादर सीधे उनके पैर पर नहीं पड़ती, क्योंकि वे प्रभावित जोड़ों पर चादर का भार भी सहन करने की स्थिति में नहीं होते। गठिया अन्य जोड़ों को भी प्रभावित कर सकता है। यह 'टोफी' (नरम ऊतकों या जोड़ों के पास की हड्डियों में मोनोसोडियम यूरेट का पत्थर जैसा जमाव) विकसित होने का कारण बन सकता है। गठिया का निदान असहनीय दर्द, प्रभावित जोड़ों में और उनके आसपास सूजन तथा लालिमा जैसे आम लक्षणों पर आधारित है। सूजे हुए जोड़ से लिए गए तरल पदार्थ की माइक्रोस्कोप से जांच किए जाने के दौरान 'क्रिस्टल' दिखाई दे सकते हैं।

## ट्रेंड

### महिला शांति रक्षक बढ़े




संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में अधिक संख्या में महिलाओं को शामिल करना जरूरी है क्योंकि वे लैंगिक हिंसा से निपटने, विश्वास कायम करने और संवाद को बढ़ावा देने में ज्यादा सक्षम होती हैं। महिला शांति रक्षकों की स्थानीय समुदायों तक बेहतर पहुंच होती है। -द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### अभियान से मैं खुश हूं




मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मोटापे के खिलाफ शुरू किए गए अभियान से जुड़कर बहुत खुश हूं। मोटापे के कारण हृदय रोग, टाइप 2 मधुमेह, पक्षाघात और सांस लेने की समस्या जैसी कई स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं -उमर अब्दुल्ला, सीएम, जेएंडके

### प्रधानमंत्री का आभार



मैं प्रधानमंत्री का आभार जताता हूं कि उन्होंने देश को बेहतर स्वास्थ्य के लिए मोटापा के खिलाफ प्रभावशाली जागरूकता अभियान शुरू किया है। मैं इस महत्वपूर्ण संदेश को फैलाने के लिए नामित किए जाने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। -आर माधवन, अभिनेता

### बचने की संभावना कम




दो दिन पहले श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग के निर्माणाधीन खंड के आंशिक रूप से ढहने के बाद उसमें फंस गए आठ लोगों के बचने की संभावना अब "बहुत कम" है, हालांकि उन तक पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। -जुपल्ली कृष्णा राव, मंत्री तेलंगाना

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




# 'हिटः द थर्ड केस' का टीजर जारी...

**नई दिल्ली।** साउथ के नेचुरल स्टार नानी की आगामी फिल्म 'हिटः द थर्ड केस' का टीजर जारी हुआ है। फिल्म के टीजर में नानी का हिंसक पक्ष दिखाया गया है। साथ ही अभिनेता का एक्शन अवतार देखने को मिला। नानी ने अपने चौंकाने वाले परिवर्तन से दर्शकों को चौंका दिया। फिल्म में नानी ने एक क्रूर पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई है, जो अपराधियों पर कोई दया नहीं दिखाता। कश्मीर की भयावह पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म अर्जुन सरकार (नानी द्वारा अभिनीत) की कहानी बयां करता है, जो एक उग्र और निर्दयी अधिकारी है, जिसे एक सीरियल किलर का शिकार करने के लिए बुलाया जाता है।

## लाइफ Style

# उर्वशी

## ओरी संग शादी को लेकर हो रही बात

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'डाकू महाराज' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस फिल्म को लेकर उर्वशी लगातार विवादों में रहीं। यही नहीं, फिल्म से एक्ट्रेस के सभी सीन्स को डिलीट करने की खबरें भी सामने आई है बटोर रही हैं।

उर्वशी प्रोफेशनल लाइफ के साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरी हैं। उनका नाम क्रिकेटर ऋषभ पंत संग खूब चर्चा में रहा। इसी बीच अब उर्वशी का नाम एक फेमस इन्फ्लुएंसर संग जुड़ता नजर आ रहा है। यही नहीं, इनकी शादी की भी चर्चा हो रही है। डाकू महाराज एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला का दिल किसी और पर नहीं, बल्कि बॉलीवुड के फेमस इन्फ्लुएंसर ओरहान अवात्रामणि यानी ओरी पर आया है। जी हां, आपने सही सुना ये ओरी ही हैं। सोशल मीडिया पर खबर आ रही है कि उर्वशी, ओरी से शादी करने वाली हैं। ओरी का नाम सुनते ही हर किसी को तगड़ा झटका लगा है। सोशल मीडिया पर दोनों के बीच कुछ कमेंट्स एक्सचेंज हुए हैं, जिससे फैंस इस बात का अंदाजा लगा रहे हैं कि वो शादी करने वाले हैं। बता दें कि बीते दिनों ओरी आदर जैन और अलेखा की शादी में गए थे। इस दौरान ओरी ने रेड कुर्ता और पायजामा में कई सारी फोटो क्लिक कराई, जिसे उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। ओरी की इसी तस्वीर पर उर्वशी ने कमेंट किया। इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए उर्वशी ने लिखा- इंतजार नहीं कर पा रही हूं, तुम्हारी शादी अटेंड करने का। इस पर ओरी ने कमेंट किया- मेरी या हमारी शादी?



## हॉलीवुड मसाला



# जैस्मीन वालिया पर टिकी नजरें

मुंबई। इंडियन क्रिकेटर हार्दिक पांड्या का तलाक हो चुका है। उनकी चार साल की शादी टूट चुकी है। उनका और एक्स वाइफ नताशा स्टेनकोविक का एक बेटा भी है। इस बीच उनका नाम ब्रिटिश सिंगर जैस्मीन वालिया के साथ जोड़ा जा रहा है। भारत और पाकिस्तान के मैच के दौरान जैस्मीन स्टेडियम में ही मौजूद थीं। उनका वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें वो फ्लाइंग किस दे रही हैं। अब एक बार फिर हार्दिक और जैस्मीन की डेटिंग की अफवाह उड़ रही है।



# सेफ फील करते हैं प्रियंका के साथ...

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की शादी को 6 साल हो चुके हैं, और उनका ये रिश्ता वक्त के साथ और भी मजबूत होता जा रहा है। हाल ही निक ने बताया कि जब वह काम से थके-हारे घर वापस बीवी के पास लौटते हैं, तो उन्हें कितनी शांति मिलती है। उन्होंने प्रियंका चोपड़ा को अपना 'रीचार्ज' बताया। साथ ही कहा कि प्रियंका उनकी सिर्फ पार्टनर नहीं हैं, बल्कि वो स्पेस हैं, जहां वह सुरक्षित महसूस करते हैं। निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा हर कदम, हर मोड़ पर एक-दूसरे के साथ खड़े नजर आते हैं, और सपोर्ट भी करते हैं। प्रियंका और निक आज ग्लोबल लेवल पर न सिर्फ पॉपुलर कपल बन चुके हैं, बल्कि उनके रिश्ते को भी एक मिसाल के तौर पर देखा जाता है।



# कैटरीना ने खुद को माना भाग्यशाली

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 समाप्ति की ओर है। इस बीच बॉलिवुड सिलेब्रिटीज का प्रयागराज पहुंचना लगा हुआ है। कुछ वक्त पहले छावा एक्टर विकी कौशल संगम में स्नान करने पहुंचे थे। अब उनकी मां अपनी बहू कैटरीना को लेकर त्रिवेणी में डुबकी लगाने पहुंचीं। कटरीना ने मीडिया को बताया कि वह पूरा दिन प्रयागराज में रुकेंगी। परमार्थ निकेतन में स्वामीजी से बातें करेंगी और इसके महत्व के बारे में चर्चा करेंगी। कटरीना ने महाकुंभ में आने के अनुभव के बारे में मीडिया से कहा, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि इस वक्त यहां आ सकी। मैं बहुत खुश हूं। मैं आभारी हूं कि यहां आ सकी। यह बहुत सुंदर जगह है। मैं इस वक्त स्वामीजी के साथ हूं। उनसे बातें कर रही हूं, उनका आशीर्वाद ले रही हूं।



# 'मेरे ढोलना' गाने के दौरान हुई थी गलती

**मुंबई।** सोनू निगम देश के सबसे अच्छे गायकों में शुमार होते हैं। अपने एक दशक के कॅरियर में सोनू निगम ने बहुत सारे यादगार गाने गाए हैं। हाल ही में सोनू निगम बेंगलुरु में एक लाइव परफॉर्मेंस दे रहे थे, तभी वह अपने गाने 'मेरे ढोलना' पर रोने लगे। इसके बाद उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करके बताया कि वह इस तरह से स्टेज पर रोना नहीं चाहते थे। सोनू निगम ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो में बताया है कि वह कैसे 'मेरे ढोलना' पर रोने लगे। उन्होंने कहा 'कुछ ऐसा माहौल बनता है कि लोग भी उससे जुड़ जाते हैं। आज पहली बार 'मेरे ढोलना' गाया। इसके बाद ऐसा माहौल बना कि बहुत एमोशनल हो गया। रोना आ रहा था! लेकिन सोचा कि चांस लेता हूं। गा ही नहीं पा रहा था। स्टेज पर कभी इतना नहीं रोया हूं।

## टीवी मसाला



# एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं गौतम और प्रेम..?

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल अनुपमा का अपकमिंग एपिसोड फुल ऑफ ड्रामा रहने वाला है। राही और गौतम के बीच जोरदार झगड़ा होगा और बात हाथापाई तक पहुंच जाएगी, वहीं अपकमिंग एपिसोड में आप देखेंगे कि राही और प्रेम शादी से पहले अपनी-अपनी बेचलर्स पार्टी एन्जॉय करेंगे। राही जहां अपनी गर्ल गैंग के साथ धमाकेदार सेलिब्रेशन करेगी, वहीं दूसरी तरफ प्रेम अपने घर में बेचलर्स पार्टी करेगा। लेकिन इस बीच कुछ ऐसा होगा जिसके बाद सीरियल में कई नए ट्विस्ट आ सकते हैं। दरअसल, राही और प्रेम अपने-अपने घर पर सेलिब्रेट कर रहे होंगे, लेकिन किसी वजह से राही को प्रेम से मिलने जाना होगा। वह जब प्रेम के यहां पहुंचेगी तो कुछ ऐसा देखेगी कि उसके होश उड़ जाएंगे। दरअसल प्रेम किसी लड़की के साथ काफी इंटीमेट अवतार में नजर आएगा। वह लड़की के काफी करीब होगा और उसके साथ रोमांटिक हो रहा होगा। प्रेम को इस अवतार में देखकर राही के होश उड़ जाएंगे और उसके जेहन में प्रेम को लेकर तमाम तरह के ख्याल आने लगेंगे। लेकिन, क्या वह प्रेम से वहीं पर सवाल करेगी या भाग जाएगी? इसका जवाब हमें अपकमिंग एपिसोड में देखने मिलेगा। क्या राही की नजर में प्रेम को बुरा बनाने के लिए गौतम ने इस लड़की को उसकी बेचलर पार्टी में भेजा है, या फिर प्रेम ने खुद इस लड़की को बुलाया है? ऐसे बहुत से सवाल हैं जिनके जवाब दर्शकों को अपकमिंग एपिसोड में देखने को मिलेंगे।

## अभी तक नहीं मिला 50 लाख रुपए

**नई दिल्ली।** अभिनेता करणवीर मेहरा ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में पहुंचे, जहां उन्होंने बिग बॉस शो को लेकर अपने विचार शेयर किए,



जिसमें करणवीर ने अभी तक प्राइज मनी ना मिलने की बात कही है। हाल ही में करणवीर मेहरा कॉमेडियन भारती सिंह और स्क्रिप्ट राइटर हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में पहुंचे, जहां उनके यूट्यूब चैनल पर उन्होंने बातचीत की। बातचीत के दौरान करणवीर ने कहा कि कलर्स चैनल पर उनका पहला शो 'खतरों का खिलाडी 14' था। जहां से उनको नाम और पहचान मिली। बिग बॉस 18 के बारे में बात करते उन्होंने बताया कि विनर होने के बाद चमचमाती ट्रॉफी के साथ 50 लाख रुपए भी जीते थे, लेकिन प्राइज मनी अभी आना बाकी है। करणवीर मेहरा ने 'खतरों का खिलाड़ी 14' के बारे में बात की। वह इस शो के भी विनर रहे थे। करणवीर ने कहा 'खतरों का खिलाड़ी 14' का उनका पैसा आ गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि शो के दौरान जिस कार को उन्होंने जीता था उसे भी बुक करवा लिया है।

# महादेव की भक्ति में लीन दिखीं

**प्रयागराज।** प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है। बड़ी संख्या में दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालु आ रहे हैं। फिल्मी सितारे भी पीछे नहीं हैं। कई हीरो-हीरोइन भी संगम में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। आज सोमवार को अक्षय कुमार प्रयागराज पहुंचे और उन्होंने संगम स्नान किया। इसके अलावा अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की है, जिसमें उन्होंने महाकुंभ का जिक्र किया है। अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे महादेव की भक्ति में लीन नजर आ रही हैं। माथे पर चंदन लगाए दिख रही हैं। उनके गले में पुष्प माला है। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'सभी रास्ते महाकुंभ की ओर जाते हैं। सत्यम शिवम्-सुंदरम्'। उन्होंने हैशटैग में महाकुंभ और प्रयागराज लिखा है। प्रीति जिंटा के इस पोस्ट पर यूजर्स जमकर कमेंट कर रहे हैं और उनकी तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'उत्तर प्रदेश में स्वागत है'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'इसलिए आप हमारी पसंदीदा अभिनेत्री हैं'। कुछ यूजर 'हर हर महादेव' का जयकारा लिख रहे हैं। प्रीति जिंटा ने त्रिवेणी में स्नान किया या नहीं, इसकी जानकारी नहीं दी है। प्रीति जिंटा साल 2013 में भी महाकुंभ में शामिल होने प्रयागराज पहुंची थीं। प्रीति जिंटा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे बॉलीवुड फिल्म 'लाहौर 1947' में नजर आएंगी। इसमें वे सनी देओल के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी।



# पॉपुलर एक्ट्रेस के साथ फिल्म करके भी फ्लॉप रहे, फिर गायकी से बनाया नाम...

**नई दिल्ली।** 1950-60 के दशक का वह शख्स, जिसकी मखमली और रोमांटिक आवाज लोगों को मदहोश कर देती थी। गायकी ही नहीं, अभिनय की दुनिया में भी अपने कमाल के लिए जाने वाले तलत महमूद किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। संगीत की दुनिया में तलत महमूद एक ऐसा नाम है, जिनके गानें आज भी लोगों के जुबां पर हैं। संगीत के लिए इन्होंने परिवार तक को छोड़ दिया था। नूतन, सुरैया जैसे तमाम बड़े अभिनेत्रियों के साथ अभिनय की दुनिया में भी काम किया।

***संगीत का घोर विरोधी था इनका परिवारः*** यूपी राज्य के नवाबों के शहर लखनऊ में तलत महमूद का जन्म 24 फरवरी 1924 को हुआ। इनके परिवार वाले पुराने विचारों वाले थे, जो संगीत को बहुत खराब शौक मानते थे। तलत साहब का बचपन से ही संगीत में खास रूझान था, इस कारण उन्होंने अपने परिवार वालों को भी छोड़ दिया। संगीत करियर की शुरुआत महमूद साहब ने ऑल इंडिया रेडियो से की, जहां वह गजलों को गाया करते थे। मात्र 17 वर्ष की उम्र में तलक ने 1941 में अपना पहला गाना रिकॉर्ड किया था, जो एक बंगाली गीत था 'सब दिन एक समान नहीं'।



### 50-60 के दशक में बॉलीवुड में लाई क्रांति


तलत महमूद ने 1944 में एक गाना गाया 'तस्वीर तेरी दिल मेरा बहला ना सकेगी', इस गाने ने तलत साहब को मशहूर कर दिया था। इसके बाद उन्होंने अपनी नाजुक और भावुक आवाज से बॉलीवुड के संगीत की दुनिया में क्रांति लाने का काम किया। महमूद साहब ने कई हिट्स गाने दिए जिसमें जाएं तो जाएं कहां, शाम-ए-गम की कस, हवा ये रात ये चांदन, फिर वही शाम वही गम, जैसे गानें शामिल हैं। उनकी आवाज में एक ठहराव था, एक गहराई थी, जो सीधे दिल को छू जाती थी। महमूद साहब ने सभी भाषाओं में कुल मिलाकर 750 गाने गाए।

***पद्म भूषण जैसे सम्मान किए हासिल :*** महमूद साहब ने सभी भाषाओं में कुल मिलाकर 750 गाने गाए। इस अमूल्य योगदान के लिए उन्हें कई पुरस्कारों से नवाजा गया। जिसमें पद्म भूषण, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, लता मंगेशकर अवॉर्ड जैसे अवार्ड इन्होंने अपने नाम किए। तलत महमूद नौ मई 1998 को इस दुनिया को अलविदा कह गए।

## असली पहचान से ज्यादा अपने किरदार के नाम से लोगों में हो गई मशहूर

# रामायण की 'मंथरा' का नाम गिनीज बुक में दर्ज, एक थप्पड़ से बदली जिंदगी

*__नई दिल्ली।__ सिनेमा की दुनिया के कुछ कलाकार अपनी अदाकारी से हमारे जेहन में इस कदर बस जाते हैं कि उन्हें भूल पाना मुश्किल होता है। हिंदी सिनेमा के कई ऐसे नाम हैं, जिन्होंने पर्दे पर इतने उम्दा तरीके से अपने किरदार को निभाया कि वह अपनी असली पहचान से ज्यादा अपने किरदार के नाम से लोगों में मशहूर हो गए। एक ऐसा ही किरदार है रामानंद सागर की 'रामायण' का, जिसके नाम से ही लोगों का नफरत है। वह किरदार है महारानी कैकेयी की दासी 'मंथरा'का, जिसने षड्यंत्र रच के श्रीराम को वनवास भेज दिया था। इस किरदार को पर्दे पर अभिनेत्री ललिता पवार ने जीवंत किया और उनकी छवि लोगों के बीच में 'मंथरा' की बनकर रह गई।*



### 700 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

ललिता पवार कि गिनती अपने समय की टॉप एक्ट्रेस में होती है। 700 से ज्यादा फिल्में करने के लिए उनका नाम गिनीज बुक में भी दर्ज है। उन्होंने अपने करियर में लीड एक्ट्रेस के तो किरदार निभाए ही, लेकिन उन्हें असली पहचान उनके निगेटिव किरदारों से मिली। फिल्मी पर्दे पर उन्होंने आततायी सास के ढेरो किरदार निभाए हैं।

### बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट सिनेमा में ली थी एंट्री

ललिता पवार का जन्म 18 अप्रैल 1916 को व्यवसायी परिवार में हुआ था। उनके पिता लक्ष्मण राव शगुन एक अमीर रेशम और कपास के व्यापारी थे। अभिनेत्री क जब जन्म हुआ तो उनका नाम अंबा रखा गया था, जिसे बाद में बदलकर ललिता कर दिया गया। उन्हें बचपन से ही अभिनय का शौक था, जिसके चलते महज 9 साल की उम्र में ही उन्होंने अभिनय करना शुरू कर दिया। उनकी पहली फिल्म 'राजा हरिश्चंद्र थी, जिसका निर्देशन वाई.डी. सरपोतदार ने किया था।

### तकलीफों से भरी थी निजी जिंदगी

ललिता पवार ने रामानंद सागर की 'रामायण' में मंथरा की भूमिका से ही नहीं, बल्कि 700 से अधिक हिंदी, मराठी और गुजराती फिल्मों में क्रूर सास के किरदार निभाकर भी बड़ी लोकप्रियता हासिल की थी। उन्होंने 'श्री 420', द'हेज', 'नेताजी पालकर' और 'अनाड़ी' जैसी कई सफल फिल्मों और धारावाहिकों में भी काम किया था। उनकी प्रोफेशनल लाइफ के बारे में तो लोग जानते हैं, लेकिन उनकी निजी जिंदगी कितनी तकलीफों से भरी थी, यह बहुत कम लोगों को पता है।


### निगेटिव किरदारों से मिली पॉपुलैरिटी

दुर्घटना के बाद ललिता पवार को कैरेक्टर रोल मिलने लगे। उन्होंने हर मौके का पूरा फायदा उठाते हुए सहायक किरदारों से जोरदार वापसी की। इस दौरान उन्होंने कई फिल्मों में क्रूर सास की भूमिकाएं निभाईं, जिससे उनकी एक खलनायक की छवि बन गई। इसके बाद उन्हें निगेटिव रोल मिलने लगे। आगे चलकर रामानंद सागर की रामायण में 'मंथरा'का किरदार मिला, जिसके लिए वह आज भी याद की जाती हैं।



### बहन बनी सौतन

मुश्किल परिस्थितियों के बाद भी अभिनेत्री ने अपने कॅरियर को संवारे रखा। इस बीच उनकी निजी जिंदगी उनके हाथों से फिसलने लगी। उन्हें उनकी छोटी बहन ने ही धोखा दे दिया। यह कोई 1930 के दशक के बीच की बात है जब ललिता ने फिल्म निर्माता गणपतराव पवार से शादी की। सब कुछ ठीक चल रहा था कि इस बीच ललिता को पता चला कि उनके पति का अफेयर उनकी ही छोटी बहन के साथ चल रहा था। इसके बाद उन्होंने यह शादी तोड़ दी। इसके बाद उन्होंने फिल्म निर्माता राज कुमार गुप्ता से शादी और उनके एक बेटे जय पवार भी हैं। हालांकि, उनकी मुश्किलें यहीं खत्म नहीं हुईं। दूसरी शादी के बाद अभिनेत्री को पता चला कि उन्हें मुंह का कैंसर है। उनका मानना था कि उनके निगेटिव किरदारों की वजह जो बद्दुआ उन्हें मिली, उसी की वजह से ऐसा हुआ है।




# 'हिटः द थर्ड केस' का टीजर जारी...

**नई दिल्ली।** साउथ के नेचुरल स्टार नानी की आगामी फिल्म 'हिटः द थर्ड केस' का टीजर जारी हुआ है। फिल्म के टीजर में नानी का हिंसक पक्ष दिखाया गया है। साथ ही अभिनेता का एक्शन अवतार देखने को मिला। नानी ने अपने चौंकाने वाले परिवर्तन से दर्शकों को चौंका दिया। फिल्म में नानी ने एक क्रूर पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई है, जो अपराधियों पर कोई दया नहीं दिखाता। कश्मीर की भयावह पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म अर्जुन सरकार (नानी द्वारा अभिनीत) की कहानी बयां करता है, जो एक उग्र और निर्दयी अधिकारी है, जिसे एक सीरियल किलर का शिकार करने के लिए बुलाया जाता है।

लाइफ Style

# उर्वशी
## ओरी संग शादी को लेकर हो रही बात

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'डाकू महाराज' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस फिल्म को लेकर उर्वशी लगातार विवादों में रहीं। यही नहीं, फिल्म से एक्ट्रेस के सभी सीन्स को डिलीट करने की खबरें भी सामने आई है बटोर रही हैं।

उर्वशी प्रोफेशनल लाइफ के साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरी हैं। उनका नाम क्रिकेटर ऋषभ पंत संग खूब चर्चा में रहा। इसी बीच अब उर्वशी का नाम एक फेमस इन्फ्लुएंसर संग जुड़ता नजर आ रहा है। यही नहीं, इनकी शादी की भी चर्चा हो रही है। डाकू महाराज एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला का दिल किसी और पर नहीं, बल्कि बॉलीवुड के फेमस इन्फ्लुएंसर ओरहान अवात्रामणि यानी ओरी पर आया है। जी हां, आपने सही सुना ये ओरी ही हैं। सोशल मीडिया पर खबर आ रही है कि उर्वशी, ओरी से शादी करने वाली हैं। ओरी का नाम सुनते ही हर किसी को तगड़ा झटका लगा है। सोशल मीडिया पर दोनों के बीच कुछ कमेंट्स एक्सचेंज हुए हैं, जिससे फैंस इस बात का अंदाजा लगा रहे हैं कि वो शादी करने वाले हैं। बता दें कि बीते दिनों ओरी आदर जैन और अलेखा की शादी में गए थे। इस दौरान ओरी ने रेड कुर्ता और पायजामा में कई सारी फोटो क्लिक कराई, जिसे उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। ओरी की इसी तस्वीर पर उर्वशी ने कमेंट किया। इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए उर्वशी ने लिखा- इंतजार नहीं कर पा रही हूं, तुम्हारी शादी अटेंड करने का। इस पर ओरी ने कमेंट किया- मेरी या हमारी शादी?



हॉलीवुड मसाला



# जैस्मीन वालिया पर टिकी नजरें

मुंबई। इंडियन क्रिकेटर हार्दिक पांड्या का तलाक हो चुका है। उनकी चार साल की शादी टूट चुकी है। उनका और एक्स वाइफ नताशा स्टेनकोविक का एक बेटा भी है। इस बीच उनका नाम ब्रिटिश सिंगर जैस्मीन वालिया के साथ जोड़ा जा रहा है। भारत और पाकिस्तान के मैच के दौरान जैस्मीन स्टेडियम में ही मौजूद थीं। उनका वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें वो फ्लाइंग किस दे रही हैं। अब एक बार फिर हार्दिक और जैस्मीन की डेटिंग की अफवाह उड़ रही है।




# सेफ फील करते हैं प्रियंका के साथ...

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की शादी को 6 साल हो चुके हैं, और उनका ये रिश्ता वक्त के साथ और भी मजबूत होता जा रहा है। हाल ही निक ने बताया कि जब वह काम से थके-हारे घर वापस बीवी के पास लौटते हैं, तो उन्हें कितनी शांति मिलती है। उन्होंने प्रियंका चोपड़ा को अपना 'रीचार्ज' बताया। साथ ही कहा कि प्रियंका उनकी सिर्फ पार्टनर नहीं हैं, बल्कि वो स्पेस हैं, जहां वह सुरक्षित महसूस करते हैं। निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा हर कदम, हर मोड़ पर एक-दूसरे के साथ खड़े नजर आते हैं, और सपोर्ट भी करते हैं। प्रियंका और निक आज ग्लोबल लेवल पर न सिर्फ पॉपुलर कपल बन चुके हैं, बल्कि उनके रिश्ते को भी एक मिसाल के तौर पर देखा जाता है।



# कैटरीना ने खुद को माना भाग्यशाली

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 समाप्ति की ओर है। इस बीच बॉलिवुड सिलेब्रिटीज का प्रयागराज पहुंचना लगा हुआ है। कुछ वक्त पहले छावा एक्टर विकी कौशल संगम में स्नान करने पहुंचे थे। अब उनकी मां अपनी बहू कैटरीना को लेकर त्रिवेणी में डुबकी लगाने पहुंचीं। कटरीना ने मीडिया को बताया कि वह पूरा दिन प्रयागराज में रुकेंगी। परमार्थ निकेतन में स्वामीजी से बातें करेंगी और इसके महत्व के बारे में चर्चा करेंगी। कटरीना ने महाकुंभ में आने के अनुभव के बारे में मीडिया से कहा, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि इस वक्त यहां आ सकी। मैं बहुत खुश हूं। मैं आभारी हूं कि यहां आ सकी। यह बहुत सुंदर जगह है। मैं इस वक्त स्वामीजी के साथ हूं। उनसे बातें कर रही हूं, उनका आशीर्वाद ले रही हूं।



# 'मेरे ढोलना' गाने के दौरान हुई थी गलती

**मुंबई।** सोनू निगम देश के सबसे अच्छे गायकों में शुमार होते हैं। अपने एक दशक के कॅरियर में सोनू निगम ने बहुत सारे यादगार गाने गाए हैं। हाल ही में सोनू निगम बेंगलुरु में एक लाइव परफॉर्मेंस दे रहे थे, तभी वह अपने गाने 'मेरे ढोलना' पर रोने लगे। इसके बाद उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करके बताया कि वह इस तरह से स्टेज पर रोना नहीं चाहते थे। सोनू निगम ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो में बताया है कि वह कैसे 'मेरे ढोलना' पर रोने लगे। उन्होंने कहा 'कुछ ऐसा माहौल बनता है कि लोग भी उससे जुड़ जाते हैं। आज पहली बार 'मेरे ढोलना' गाया। इसके बाद ऐसा माहौल बना कि बहुत एमोशनल हो गया। रोना आ रहा था! लेकिन सोचा कि चांस लेता हूं। गा ही नहीं पा रहा था। स्टेज पर कभी इतना नहीं रोया हूं।

टीवी मसाला



# एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं गौतम और प्रेम..?

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल अनुपमा का अपकमिंग एपिसोड फुल ऑफ ड्रामा रहने वाला है। राही और गौतम के बीच जोरदार झगड़ा होगा और बात हाथापाई तक पहुंच जाएगी, वहीं अपकमिंग एपिसोड में आप देखेंगे कि राही और प्रेम शादी से पहले अपनी-अपनी बेचलर्स पार्टी एन्जॉय करेंगे। राही जहां अपनी गर्ल गैंग के साथ धमाकेदार सेलिब्रेशन करेगी, वहीं दूसरी तरफ प्रेम अपने घर में बेचलर्स पार्टी करेगा। लेकिन इस बीच कुछ ऐसा होगा जिसके बाद सीरियल में कई नए ट्विस्ट आ सकते हैं। दरअसल, राही और प्रेम अपने-अपने घर पर सेलिब्रेट कर रहे होंगे, लेकिन किसी वजह से राही को प्रेम से मिलने जाना होगा। वह जब प्रेम के यहां पहुंचेगी तो कुछ ऐसा देखेगी कि उसके होश उड़ जाएंगे। दरअसल प्रेम किसी लड़की के साथ काफी इंटीमेट अवतार में नजर आएगा। वह लड़की के काफी करीब होगा और उसके साथ रोमांटिक हो रहा होगा। प्रेम को इस अवतार में देखकर राही के होश उड़ जाएंगे और उसके जेहन में प्रेम को लेकर तमाम तरह के ख्याल आने लगेंगे। लेकिन, क्या वह प्रेम से वहीं पर सवाल करेगी या भाग जाएगी? इसका जवाब हमें अपकमिंग एपिसोड में देखने मिलेगा। क्या राही की नजर में प्रेम को बुरा बनाने के लिए गौतम ने इस लड़की को उसकी बेचलर पार्टी में भेजा है, या फिर प्रेम ने खुद इस लड़की को बुलाया है? ऐसे बहुत से सवाल हैं जिनके जवाब दर्शकों को अपकमिंग एपिसोड में देखने को मिलेंगे।

## अभी तक नहीं मिला 50 लाख रुपए

**नई दिल्ली।** अभिनेता करणवीर मेहरा ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में पहुंचे, जहां उन्होंने बिग बॉस शो को लेकर अपने विचार शेयर किए, जिसमें करणवीर ने अभी तक प्राइज मनी ना मिलने की बात कही है। हाल ही में करणवीर मेहरा कॉमेडियन भारती सिंह और स्क्रिप्ट राइटर हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में पहुंचे, जहां उनके यूट्यूब चैनल पर उन्होंने बातचीत की। बातचीत के दौरान करणवीर ने कहा कि कलर्स चैनल पर उनका पहला शो 'खतरों का खिलाडी 14' था। जहां से उनको नाम और पहचान मिली। बिग बॉस 18 के बारे में बात करते उन्होंने बताया कि विनर होने के बाद चमचमाती ट्रॉफी के साथ 50 लाख रुपए भी जीते थे, लेकिन प्राइज मनी अभी आना बाकी है। करणवीर मेहरा ने 'खतरों का खिलाड़ी 14' के बारे में बात की। वह इस शो के भी विनर रहे थे। करणवीर ने कहा 'खतरों का खिलाड़ी 14' का उनका पैसा आ गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि शो के दौरान जिस कार को उन्होंने जीता था उसे भी बुक करवा लिया है।



# महादेव की भक्ति में लीन दिखीं

**प्रयागराज।** प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है। बड़ी संख्या में दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालु आ रहे हैं। फिल्मी सितारे भी पीछे नहीं हैं। कई हीरो-हीरोइन भी संगम में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। आज सोमवार को अक्षय कुमार प्रयागराज पहुंचे और उन्होंने संगम स्नान किया। इसके अलावा अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की है, जिसमें उन्होंने महाकुंभ का जिक्र किया है। अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे महादेव की भक्ति में लीन नजर आ रही हैं। माथे पर चंदन लगाए दिख रही हैं। उनके गले में पुष्प माला है। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'सभी रास्ते महाकुंभ की ओर जाते हैं। सत्यम शिवम् सुंदरम्'। उन्होंने हैशटैग में महाकुंभ और प्रयागराज लिखा है। प्रीति जिंटा के इस पोस्ट पर यूजर्स जमकर कमेंट कर रहे हैं और उनकी तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'उत्तर प्रदेश में स्वागत है'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'इसलिए आप हमारी पसंदीदा अभिनेत्री हैं'। कुछ यूजर 'हर हर महादेव' का जयकारा लिख रहे हैं। प्रीति जिंटा ने त्रिवेणी में स्नान किया या नहीं, इसकी जानकारी नहीं दी है। प्रीति जिंटा साल 2013 में भी महाकुंभ में शामिल होने प्रयागराज पहुंची थीं। प्रीति जिंटा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे बॉलीवुड फिल्म 'लाहौर 1947' में नजर आएंगी। इसमें वे सनी देओल के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी।

# पॉपुलर एक्ट्रेस के साथ फिल्म करके भी फ्लॉप रहे, फिर गायकी से बनाया नाम...

**नई दिल्ली।** 1950-60 के दशक का वह शख्स, जिसकी मखमली और रोमांटिक आवाज लोगों को मदहोश कर देती थी। गायकी ही नहीं, अभिनय की दुनिया में भी अपने कमाल के लिए जाने वाले तलत महमूद किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। संगीत की दुनिया में तलत महमूद एक ऐसा नाम है, जिनके गानें आज भी लोगों के जुबां पर हैं। संगीत के लिए इन्होंने परिवार तक को छोड़ दिया था। नूतन, सुरैया जैसे तमाम बड़े अभिनेत्रियों के साथ अभिनय की दुनिया में भी काम किया।

***संगीत का घोर विरोधी था इनका परिवारः***
यूपी राज्य के नवाबों के शहर लखनऊ में तलत महमूद का जन्म 24 फरवरी 1924 को हुआ। इनके परिवार वाले पुराने विचारों वाले थे, जो संगीत को बहुत खराब शौक मानते थे। तलत साहब का बचपन से ही संगीत में खास रूझान था, इस कारण उन्होंने अपने परिवार वालों को भी छोड़ दिया। संगीत करियर की शुरुआत महमूद साहब ने ऑल इंडिया रेडियो से की, जहां वह गजलों को गाया करते थे। मात्र 17 वर्ष की उम्र में तलक ने 1941 में अपना पहला गाना रिकॉर्ड किया था, जो एक बंगाली गीत था 'सब दिन एक समान नहीं'।



## 50-60 के दशक में बॉलीवुड में लाई क्रांति

तलत महमूद ने 1944 में एक गाना गाया 'तस्वीर तेरी दिल मेरा बहला ना सकेगी', इस गाने ने तलत साहब को मशहूर कर दिया था। इसके बाद उन्होंने अपनी नाजुक और भावुक आवाज से बॉलीवुड के संगीत की दुनिया में क्रांति लाने का काम किया। महमूद साहब ने कई हिट्स गाने दिए जिसमें जाएं तो जाएं कहां, शाम-ए-गम की कस, हवा ये रात ये चांदन, फिर वही शाम वही गम, जैसे गानें शामिल हैं। उनकी आवाज में एक ठहराव था, एक गहराई थी, जो सीधे दिल को छू जाती थी। महमूद साहब ने सभी भाषाओं में कुल मिलाकर 750 गाने गाए।

***पद्म भूषण जैसे सम्मान किए हासिल :*** महमूद साहब ने सभी भाषाओं में कुल मिलाकर 750 गाने गाए। इस अमूल्य योगदान के लिए उन्हें कई पुरस्कारों से नवाजा गया। जिसमें पद्म भूषण, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, लता मंगेशकर अवॉर्ड जैसे अवार्ड इन्होंने अपने नाम किए। तलत महमूद नौ मई 1998 को इस दुनिया को अलविदा कह गए।

## असली पहचान से ज्यादा अपने किरदार के नाम से लोगों में हो गई मशहूर

# रामायण की 'मंथरा' का नाम गिनीज बुक में दर्ज, एक थप्पड़ से बदली जिंदगी

***नई दिल्ली।** सिनेमा की दुनिया के कुछ कलाकार अपनी अदाकारी से हमारे जेहन में इस कदर बस जाते हैं कि उन्हें भूल पाना मुश्किल होता है। हिंदी सिनेमा के कई ऐसे नाम हैं, जिन्होंने पर्दे पर इतने उम्दा तरीके से अपने किरदार को निभाया कि वह अपनी असली पहचान से ज्यादा अपने किरदार के नाम से लोगों में मशहूर हो गए। एक ऐसा ही किरदार है रामानंद सागर की 'रामायण' का, जिसके नाम से ही लोगों का नफरत है। वह किरदार है महारानी कैकेयी की दासी 'मंथरा'का, जिसने षड्यंत्र रच के श्रीराम को वनवास भेज दिया था। इस किरदार को पर्दे पर अभिनेत्री ललिता पवार ने जीवंत किया और उनकी छवि लोगों के बीच में 'मंथरा' की बनकर रह गई।*



### 700 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

ललिता पवार कि गिनती अपने समय की टॉप एक्ट्रेस में होती है। 700 से ज्यादा फिल्में करने के लिए उनका नाम गिनीज बुक में भी दर्ज है। उन्होंने अपने करियर में लीड एक्ट्रेस के तो किरदार निभाए ही, लेकिन उन्हें असली पहचान उनके निगेटिव किरदारों से मिली। फिल्मी पर्दे पर उन्होंने आततायी सास के ढेरो किरदार निभाए हैं।

### बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट सिनेमा में ली थी एंट्री

ललिता पवार का जन्म 18 अप्रैल 1916 को व्यवसायी परिवार में हुआ था। उनके पिता लक्ष्मण राव शगुन एक अमीर रेशम और कपास के व्यापारी थे। अभिनेत्री क जब जन्म हुआ तो उनका नाम अंबा रखा गया था, जिसे बाद में बदलकर ललिता कर दिया गया। उन्हें बचपन से ही अभिनय का शौक था, जिसके चलते महज 9 साल की उम्र में ही उन्होंने अभिनय करना शुरू कर दिया। उनकी पहली फिल्म 'राजा हरिश्चंद्र थी, जिसका निर्देशन वाई.डी. सरपोतदार ने किया था।

### तकलीफों से भरी थी निजी जिंदगी

ललिता पवार ने रामानंद सागर की 'रामायण' में मंथरा की भूमिका से ही नहीं, बल्कि 700 से अधिक हिंदी, मराठी और गुजराती फिल्मों में क्रूर सास के किरदार निभाकर भी बड़ी लोकप्रियता हासिल की थी। उन्होंने 'श्री 420', द'हेज', 'नेताजी पालकर' और 'अनाड़ी' जैसी कई सफल फिल्मों और धारावाहिकों में भी काम किया था। उनकी प्रोफेशनल लाइफ के बारे में तो लोग जानते हैं, लेकिन उनकी निजी जिंदगी कितनी तकलीफों से भरी थी, यह बहुत कम लोगों को पता है।

### निगेटिव किरदारों से मिली पॉपुलैरिटी

दुर्घटना के बाद ललिता पवार को कैरेक्टर रोल मिलने लगे। उन्होंने हर मौके का पूरा फायदा उठाते हुए सहायक किरदारों से जोरदार वापसी की। इस दौरान उन्होंने कई फिल्मों में क्रूर सास की भूमिकाएं निभाईं, जिससे उनकी एक खलनायक की छवि बन गई। इसके बाद उन्हें निगेटिव रोल मिलने लगे। आगे चलकर रामानंद सागर की रामायण में 'मंथरा'का किरदार मिला, जिसके लिए वह आज भी याद की जाती हैं।



### बहन बनी सौतन

मुश्किल परिस्थितियों के बाद भी अभिनेत्री ने अपने कॅरियर को संवारे रखा। इस बीच उनकी निजी जिंदगी उनके हाथों से फिसलने लगी। उन्हें उनकी छोटी बहन ने ही धोखा दे दिया। यह कोई 1930 के दशक के बीच की बात है जब ललिता ने फिल्म निर्माता गणपतराव पवार से शादी की। सब कुछ ठीक चल रहा था कि इस बीच ललिता को पता चला कि उनके पति का अफेयर उनकी ही छोटी बहन के साथ चल रहा था। इसके बाद उन्होंने यह शादी तोड़ दी। इसके बाद उन्होंने फिल्म निर्माता राज कुमार गुप्ता से शादी और उनके एक बेटे जय पवार भी हैं। हालांकि, उनकी मुश्किलें यहीं खत्म नहीं हुईं। दूसरी शादी के बाद अभिनेत्री को पता चला कि उन्हें मुंह का कैंसर है। उनका मानना था कि उनके निगेटिव किरदारों की वजह जो बद्दुआ उन्हें मिली, उसी की वजह से ऐसा हुआ है।





# मकबरा नहीं, किसी और काम के लिए बना था गीजा का पिरामिड


एजेंसी ▶▶| मिस्र

वैज्ञानिकों के लिए मिस्त्र के गीजा सहित अन्य सभी पिरामिड बहुत रहस्यमयी रहे हैं। वे इस अनूठी संरचना के कई रहस्य समझ नहीं पाए हैं कि उन्हें आखिर बनाया क्यों गया था। वैज्ञानिकों को एक तरफ पिरामिड में अपने दौर के राजा ( जिन्हें फैराओ कहा जाता था) के मकबरे संबंधी चीजें मिली हैं। वहीं , कई चीजों और रहस्यों ने पुरातत्वविदों और वैज्ञानिकों को परेशान कर रखा था। पिछले कुछ समय से वेज्ञानिक अनुमान लगा रहे थे कि हो सकता है कि पिरामिडों का इस्तेमाल ऊर्जा के भंडारण या उत्पादन के लिए होता रहा हो। अब उन्हें पता चल गया है कि गीजा का पिरामिड असल में एक बहुत ही बड़ा पॉवर प्लांट हुआ करता था।

## वैज्ञानिकों ने किया एक टेस्ट, नतीजे ने चौंकाया

### एक बहुत ही बड़े पॉवर प्लांट

वैज्ञानिकों ने इस खास प्रयोग के आधार पर ना केवल यह पता लगाया है कि पिरामिड ऊर्जा भंडारण के लिए इस्तेमाल होते थे, बल्कि वे पॉवर प्लांट की तरह कैसे इस्तेमाल होते थे, यह भी पता चला है। वैज्ञानिकों का कहना है कि उन्होंने बहुत सारी इलेक्ट्रोमैग्नेटिक तरंगों को पिरामिड पर डाला, जिससे उन्होंने कुछ चौंकाने वाली बातें पता चलीं।



### तरंगों को सोख लिया

शोधकर्ताओ ने पाया कि पिरामिड के कुछ हिस्सों ने इन तरंगों को तो अवशोषित ही कर लिया। इसमें राजा और रानी दोनों के मकबरे शामिल थे। इसके आधार पर वे इस नतीजे पर पहुंच सके कि पिरामिड को इस तरह से बनाया गया होगा, जिससे उसमें खास मकसद से ऊर्जा का भंडारण किया जा सके।

### कैसे बनाई जाती थी ऊर्जा?

उन्होंने बताया कि पहली बात तो ये कि पिरामिड का कोई भी हिस्सा ऐसा नहीं था, जिसका कोई व्यावहारिक इस्तेमाल नहीं होता था। चेम्बर में दो तरह के कैमिकल्स को मिलाया जाता था और वह मिश्रण ऊर्जा बनाने के लिए हाइड्रोजन उबालता था। मिस्रवासी ऊर्जा को पकड़ने के काम करते थे, जिससे वे इसका इस्तेमाल कर सकें।

### बहुत उच्च किस्म की निर्माण तकनीक थी

30 साल तक पिरामिडों का विश्लेषण करने वाले क्रिस्टोफर का कहना है कि पिरामिड को केवल संयोग से ही इतना सटीक नहीं बनाया गया है। कम्प्यूटर विश्लेषण करने के बाद उनका मानना है कि मिस्र के लोगों को पास बहुत उच्च किस्म की निर्माण तकनीक और यहां तक कि भारी मशीनरी भी थी। लेकिन, अभी तक इस तरह का कोई भी उपकरण खोजा नहीं जा सका है।

**रोचक खबरें**

# तीन कुत्ते और तीन इंसान...इस पूरे देश में सिर्फ इतने ही लोग रहते हैं



मोलोसिया गणराज्य भले अपने आप को देश कहता हो, लेकिन इसे अभी तक संयुक्त राष्ट्र से मान्यता प्राप्त नहीं है।

**न्यूयार्क।** पूरी दुनिया में इस वक्त 225 देश हैं। कोई देश बहुत बड़ा है तो कोई बहुत छोटा। किसी देश में अरबों लोग रहते हैं तो कुछ देशों में महज़ कुछ हजार या लाख लोग रहते हैं। हालांकि, हम जिस देश की बात कर रहे हैं वहां इस वक्त मात्र तीन कुत्ते और तीन इंसान ही रहते हैं। इस देश के राष्ट्रपति का नाम है केविन वॉघ। इस देश में जब आप पहुंचेंगे तो वहां आपको राष्ट्रपति केविन वॉघ के नाम के नीचे जो पूरा शीर्षक लिखा मिलेगा वो है- हिज़ एक्सिलेंसी ग्रैंड एडमिरल कर्नल डॉक्टर केविन बॉघ, मोलोसिया के राष्ट्रपति और रईस, राष्ट्र के रक्षक और लोगों के संरक्षक। वहीं, इस देश में घूमने वाले लोगों को एक चीज का बहुत ख़याल रखना पड़ता है। दरअसल, इस देश में कैटफिश और प्याज बिल्कुल बैन है। यानी आप यहां ये दो चीजें ले कर नहीं जा सकते। अगर आपने ऐसा किया तो आपको जेल में डाल दिया जाएगा।

### कहां है ये देश

हम जिस देश की बात कर रहे हैं वह वास्तव में एक देश तो नहीं है, लेकिन आप इसे एक माइक्रोनेशन कह सकते हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि इसके पास अपनी नौसेना, नौसेना अकादमी, डाक सेवा, बैंक, अंतरिक्ष कार्यक्रम, रेलमार्ग और ऑनलाइन रेडियो स्टेशन है। ये देश संयुक्त राज्य अमेरिका के नेवादा में स्थित है।

### कितना बड़ा है ये देश

ये माइक्रोनेशन 11 एकड़ में बसा है। इसे दुनिया ग्रैंड रिपब्लिक ऑफ गोल्डस्टीन या फिर मोलोसिया गणराज्य कहती है। इसकी स्थापना 1977 में हुई थी। इस देश की आबादी की बात करें तो ये मात्र 38 है। हालांकि, मौजूदा समय में यहां सिर्फ तीन कुत्ते और तीन इंसान ही रहते हैं। मोलोसिया गणराज्य भले अपने आप को देश कहता हो, लेकिन इसे अभी तक संयुक्त राष्ट्र से मान्यता प्राप्त नहीं है।

# भरोसेमंद बीवी नहीं मिलने पर शख्स ने कुकर से की शादी



**जकार्ता।** कुकर से शादी करने वाला शख्स खोइरुल अनम है जो इंडोनेशिया का रहने वाला है। इस शख्स ने अपने चावल बनाने वाले बर्तने से शादी करके सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है।

खोइरुल अनम ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उसमें देखा जा सकता है कि शादी के समय वह बकायदे शादी के कपड़े पहने हुए है। इतना ही नहीं, खोइरुल अनम ने अपनी होने वाली बीवी को भी दुल्हन वाला कपड़ा पहनाया है और घूंघट भी में है। शादी के दौरान दोनों एक-दूसरे के बगल में बैठे हैं। एक तस्वीर में खोइरुल अनम अपनी बीवी कुकर को चूमते हुए नजर आ रहा है। एक अन्य तस्वीर में खोइरुल शादी के कागज पर साइन कर रहा है। इस दौरान उसके बगल में कुकर भी है।

### लोगों ने क्या कहा?

खोइरुल अनम के बारे में अधिक रिसर्च करने पर पता चला कि ये इंडोनेशिया में काफी चर्चित हैं। अपने सोशल मीडिया फैंस के मनोरंजन के लिए अजीबो-गरीब कारनामें करते रहते हैं। सोशल मीडिया पर इस पोस्ट को दोबारा शेयर किया गया, इसके बावजूद यह वायरल हो गया है। इसपर 3 लाख से अधिक व्यूज आ चुके हैं। हजारों लोगों ने कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा कि निर्जीव वस्तु को भी लाइफ पार्टनर मिल सकते हैं।

### खोइरुल ने कुकर से शादी की बताई वजह

वैसे तो यह पोस्ट मौजूदा समय में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, लेकिन यह घटना साल 2021 की है। तब खोइरुल अनम ने पोस्ट करते हुए लिखा था कि 'मैंने अपने चावल बनाने वाले कुकर से शादी करने का फैसला किया, क्योंकि वह निष्पक्ष, आज्ञाकारी, प्रेमपूर्ण और खाना पकाने में अच्छा था।' सोशल मीडिया पर खोइरुल की यह पोस्ट आग की तरह फैल गई, लेकिन चार दिन बाद ही खोइरुल ने कुकर के साथ तलाक की घोषणा कर दी।

# हारने लगी टीम तो पाकिस्तानी फैन ने बदल ली जर्सी, भारत के लिए करने लगा चियर



**वायरल वीडियो देख यूजर्स ने कही ये बात**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैम्पियंस ट्रॉफी लीग के तहत दुबई में आयोजित मैच में रविवार को भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ शानदार जीत हासिल की। मैच के दौरान विराट कोहली की बल्लेबाजी और शानदार सतक चर्चा का विषय बना हुआ है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म क्रिकेट प्रेमियों के रिएक्शन के पोस्ट्स से भरे हुए हैं। इस बीच एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में एक पाकिस्तानी क्रिकेट फैन को जर्सी बदलते हुए देखा जा सकता है। जैसे ही पाकिस्तान ने इंडिया से मैच हारना शुरू किया। फैन ने हवा की रुख को समझते हुए तुरंत नीली जर्सी (भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी) निकाली और उसे पाकिस्तानी जर्सी के ऊपर ही पहन लिया। फिर खड़े होकर पूरे जोश में भारतीय खिलाड़ियों के लिए चियर करने लगा। वीडियो में देखा जाता है कि स्टैंड में एक लाइन से कई पाकिस्तानी फैन बैठे हुए हैं। इन सब से बीच में से एक शख्स नीली जर्सी निकालता है और उसे हरी जर्सी के ऊपर ही पहन लेता है। ये देख आस पास बैठे इंडियन क्रिकेट फैन हंसने लगते हैं। वो खुद भी हंसता है और फिर खड़े होकर चियर करने लगता है। मैच के दौरान फैन के जर्सी बदलने का वीडियो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो पर भारतीय क्रिकेट प्रेमियों का मजेदार रिएक्शन आया है। एक यूजर ने वीडियो पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ये हुई ना अच्छी बात। भारत माता की जय। वहीं, एक अन्य ने लिखा, 'बस ऐसे ही किसी दिन पाकिस्तान भी खुद को भारत के आगे समर्पण कर देगा क्योंकि खुद से तो कुछ भी नहीं चल रहा इनका। भारत की शरण में वापस आना पड़ेगा इनको।'

**मैच से पूर्व हुआ था हवन**

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पूर्व भारत में जगह-जगह संतों ने हवन किया था। वाराणसी से लेकर अयोध्या में भी संतों ने टीम इंडिया की जीत के लिए हवन किया था। अंततः पाकिस्तान टीम को चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में 6 विकेट से हार झेलनी पड़ी. लगातार दो हार झेलने से पाक टीम पर चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है।

## पाक मीडिया बौखलाया, 22 पंडितों के जादू-टोने से हारे



भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान को 6 विकेट से रौंद डाला है। यह हार पाक टीम और उसके फैंस के लिए निराश कर देने वाली इसलिए भी है क्योंकि पाकिस्तान के लिए अब सेमीफाइनल के दरवाजे लगभग बंद हो गए हैं। एक तरफ सरहद के उस पार लोग निराश दिखे, वहीं भारतीय फैंस ने जमकर पटाखे फोड़े. अब एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग पाकिस्तान की हार पर चर्चा करते दिख रहे हैं। एक व्यक्ति ने तो यह दावा तक कर दिया कि टीम इंडिया ने कुछ जादू-टोना करके पाकिस्तान पर जीत प्राप्त की है। इस पॉडकास्ट पर चर्चा के दौरान एक व्यक्ति ने कहा कि भारतीय टीम ने अपने 22 पंडित दुबई स्टेडियम में भेजे थे। दावा किया गया कि पाकिस्तान के हर एक प्लेयर के लिए 2 पंडित रखे गए, जो जादू-टोना कर रहे थे। यह भी कहा गया कि टीम इंडिया इसी कारण पाकिस्तानी धरती पर नहीं आना चाहता था, क्योंकि वो यहां आते तो पंडितों को साथ नहीं ला पाते और इन्हीं 22 पंडितों के कारण पाकिस्तानी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने में परेशानी हुई। इस पॉडकास्ट पर चर्चा यहीं नहीं रुकी। एक व्यक्ति ने अंदर की खबर का हवाला देकर कहा कि मैच होने से एक दिन पहले भारत ने मैदान पर 7 पंडित उतारे थे, तब तक भारतीय टीम मैदान पर नहीं पहुंची थी. ऐसा भी बोला गया कि पंडितों द्वारा किए गए जादू-टोने के बाद ही भारतीय टीम को मैदान पर लाया गया था।

**सिर्फ 43 हजार रुपए में निपटा दिया ब्याह!**

# शादी में कपल को नहीं करना था ज्यादा खर्च, किया ऐसा जुगाड़



**लंदन।** भारत में शादी का मतलब होता है हफ्ते भर का जश्न जिसमें अलग-अलग रस्में होती हैं, मेहमान आते हैं, उनके लिए तैयारियां की जाती हैं। शादी में दूल्हा-दुल्हन के अपने कई खर्चे होते हैं, खाने-पीने से लेकर बैंड बाजे तक पर लोग लाखों रुपये खर्च कर देते हैं। अगर आप आज के वक्त में साधारण शादी भी करने जाएंगे तो कम से कम 10 लाख रुपए तो खर्च हो ही जाएंगे। मगर, ब्रिटेन के एक कपल को शादी में इतना खर्च नहीं करना था। उन्हें साधे ढंग से शादी करनी थी। बस इस वजह से इस कपल ने ऐसा जुगाड़ किया कि वो 43 हजार रुपयों में ही निपट गए। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार 26 साल की एली और 27 साल के एलेक्स हाल ही में शादी के बंधन में बंधे। जब वो शादी की तैयारियां कर रहे थे, तब उन्होंने पूरा खर्चा जोड़ा तो उन्हें समझ आया कि उन्हें कम से कम 10 हजार डॉलर (साढ़े 8 लाख रुपए) तक खर्च करना पड़ जाएगा। वो इतने रुपए खर्च करने के लिए तैयार नहीं थे। इस वजह से उन्होंने एक अलग आइडिया सोचा।

### कपल ने शादी में बचा लिए पैसे

कपल ने सिर्फ अपनी सबसे नजदीकी फैमिली को बुलाया, दो गवाहों को तैयार किया और सीधे घर के पास वाले मैरिज ब्यूरो में पहुंच गए। उनकी शादी सिर्फ 70 डॉलर (6 हजार रुपए) में निपट गई। अब जब बारी आए खाने-पीने की तो कपल ने गोल्डन आर्क्स शॉप से चीज बर्गर खरीद लिया और वही परिवार वालों का खाना हो गया। एली पहले से ही 2 बच्चों की मां हैं। उन्हें द जैम वेबसाइट से बात करते हुए कहा कि वो सिर्फ शादी करना चाहती थीं, मेहमानों को खुश करने के लिए खर्चा नहीं करना चाहती थीं। इस वजह से वो एक दिन में लाखों रुपये खर्च करने के पक्ष में नहीं थीं।

### पैसे बचाकर दो हनीमून पर जाएगा

रेजिस्ट्रार के पास जाने के लिए एली ने एक लंबा, सफेद गाउन पहना था, जिसकी कीमत 300 डॉलर (26 हजार रुपए) थी। वहीं , एलेक्स, जो एक फुटबॉल प्लेयर हैं, ने 200 डॉलर (17 हजार रुपए) का सूट पहना था। इस तरह कपल ने अपने ऊपर लगभग 43 हजार रुपए खर्च किए। इस तरह उन्होंने जो पैसे बचाए, वो उनके दो हनीमून पर खर्च होंगे। पहला होगा मिनी हनीमून जो पैरिस में होगा और फिर बड़ा हनीमून दुबई में होगा जहां वो 1 हफ्ते के लिए जाएंगे। कपल अब घर खरीदने में भी समझदारी दिखाएंगे और उसमें भी बचत करेंगे।

# इस महिला को है पानी से एलर्जी पीने और नहाने से करती हैं परहेज

**यूनाइटेड किंगडम।** मानव शरीर लगभग 75 प्रतिशत पानी से बना होता है और पानी जिंदा रहने के लिए बेहद अहम होता है। यह तत्व सभी अंगों को दुरुस्त रखता है और हमे सेहतमंद बनाए रखने में मदद करता है। हालांकि, क्या हो अगर आपको पानी से ही एलर्जी हो जाए? यह सुनने में अजीब लगता है, लेकिन ऐसा यूनाइटेड किंगडम की महिला के साथ सच-मुच हो रहा है। दरअसल, पानी के संपर्क में आते ही उनको असहनीय दर्द महसूस होता है। महिला का नाम केंडल ब्राइस है और उनकी उम्र महज 25 साल है।वह एक्वाजेनिक अर्टिकेरिया



नामक दुर्लभ बीमारी से जूझ रही हैं, जो त्वचा से संबंधित एलर्जी है। केंडल बताती हैं कि जब भी वह पानी के संपर्क में आती है तो उसकी त्वचा सूज जाती है और उनके शरीर पर दाने या चकत्ते निकलने लगते है। अगर वह नहाती हैं तो उन्हें ऐसा महसूस होता है मानो किसी ने उनपर जलता हुआ लाइटर फेक दिया हो।

### नहाने के 2 घंटे बाद तक होता है असहनीय दर्द

केंडल अपना दुख बताते हुए कहती हैं, मैं इतनी बेबस हूं कि आज तक अपने एक साल के बेटे को नहला भी नहीं पाई हूं। उन्होंने बताया कि शुरुआत में पानी के संपर्क में आने से उन्हें ऐसा लगता था, जैसे कोई सुई चुभा रहा हो। हालांकि, पिछले कुछ सालों में दर्द इतना बढ़ गया है कि उनका शरीर सदमे में चला जाता है। नहाने के बाद उन्हें लगभग 2 घंटे तक दर्द होता है और वह रोती रहती हैं।

### केंडल के लिए पानी पीना और नहाना है बेहद मुश्किल

केंडल को केवल नहाते समय ही परेशानी नहीं झेलनी पड़ती, बल्कि नमी भरे मौसम से भी असुविधा होती है। वह गर्भवती हैं और अपने पहले बच्चे को भी संभाल रही हैं, जिस कारण उनका जीवन और भी कठिन होता जा रहा है। उन्होंने कहा, यह एक दैनिक संघर्ष है। मैं हफ्ते में केवल 2 बार ही नहा पाती हूं, क्योंकि दर्द बहुत भयानक होता है। केंडल के लिए पानी तक पीना मुश्किल है, क्योंकि उससे उनका गला जलने लगता है।

# आसमान में ग्रहों की परेड, एक लाइन में आएंगे सभी प्लेनेट

**वॉशिंगटन।** खगोल विज्ञान में दिलचस्पी रखने वालों के लिए 28 फरवरी को आसमान में एक दुर्लभ नजारा देखने को मिलेगा। इस दौरान अंतरिक्ष में सौर मंडल के सभी ग्रह एक साथ नजर आएंगे। इस घटना को ग्रहों का संरेखण या प्लेनेट परेड कहा जाता है। 28 फरवरी की रात को ग्रहों की परेड का चरम बिंदु होगा, जो पिछले महीने से चल रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि ये संरेखण काफी दुर्लभ है और फिर अगले 15 साल तक देखने को नहीं मिलेगा। इसके बाद इस तरह की ग्रहों की परेड साल 2040 में ही देखने को मिल सकती है। आसमान में यह ग्रहों का दुर्लभ मिलन होगा, जब सभी ग्रह 28 फरवरी को थोड़े समय के लिए एक साथ दिखाई देंगे। एक्सपर्ट का कहना है कि इसे देखने के लिए शहर की रोशनी से दूर खुले मैदान में जाना बेहतर होगा। इस दौरान मौसम साफ रहा तो यूरेनस और नेपच्यून को छोड़कर बाकी ग्रहों को नंगी आंखों से देखा जा सकेगा।



### क्यों खास है ग्रहों का ये संरेखण

खगोलविद के अनुसार ग्रहों के संरेखण तब होता है, जब ग्रह सूर्य के एक तरफ एक साथ दिखाई देते हैं। इस संरेखण में तीन से आठ ग्रह तक शामिल हो सकते हैं। एक बड़े संरेखण में आमतौर पर पांच या छह ग्रह होते हैं। ऐसा ग्रहों का संरेखण सबसे दुर्लभ है, जैसा कि 28 फरवरी को हो रहा है। बीते महीने, जनवरी में आंशिक ग्रह परेड के साथ क्वाड्रंटिड उल्का बौछार देखी गई थी। 28 फरवरी का संरेखण घटना की दुर्लभता के कारण बहुत खास होने की उम्मीद है। ग्रहों का यह संरेखण पूरे भारत में दिखाई देगा। देश के ज्यादातर शहरों में लोग इस दुर्लभ घटना को देख पाएंगे। साफ मौसम ना होने की स्थिति में दूरबीन से इस नजारे का मजा लिया जा सकता है। खगोल विज्ञानी इस घटना का इंतजार कर रहे हैं।

### कब होती है ग्रहों की परेड

ग्रहों का संरेखण से मतलब पृथ्वी और सौर मंडल के अन्य ग्रहों का सूरज के एक तरफ सीधी रेखा में संरेखित होना है। यह संभावना दुर्लभ है, क्योंकि सभी ग्रह एक तरफ नहीं आते हैं। लेकिन, कुछ ग्रहों का संरेखण हो जाता है। छह ग्रहों का एक लाइन में आना भी बहुत खास है। यह घटना तब और भी नाटकीय होती है, जब ग्रह आकाश में एक सीधी रेखा में दिखते हैं।

# O ब्लड ग्रुप वालों को ज्यादा काटते हैं मच्छर, रिसर्च में किया गया दावा


**लंदन।** सर्दियों से गर्मियां आते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। देश के कई हिस्सों में डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया और मच्छर जनित बीमारियों के मामले तेज़ी से बढ़ने लगते हैं। कभी आपने ये सोचा है कि आखिर कुछ लोगों को मच्छर ज्यादा क्यों काटते हैं, जबकि कुछ को कम। ऐसा माना जाता है कि जिन लोगों की त्वचा पर अधिक लैक्टिक एसिड बनता है, उन्हें मच्छरों द्वारा काटने की संभावना अधिक होती है। मच्छर लैक्टिक एसिड की ओर अधिक आकर्षित होते हैं। ऐसे में जिन लोगों की त्वचा पर अधिक लैक्टिक एसिड होता है, उन्हें मच्छरों के काटने की अधिक संभावना होती है। ऐसा माना जाता है कि मच्छर काटने के लिए अपने लक्ष्य की पहचान करने के लिए कार्बन डाइऑक्साइड का उपयोग करते हैं। मच्छरों को कार्बन डाइऑक्साइड या सीओ2 की



गंध भी पसंद होती है। मादा मच्छर लगभग 150 फीट दूर से इस गंध को सूंघ सकती है। माना जाता है कि गहरे रंग के कपड़े पहनना भी मच्छरों के काटने का कारण हो सकता है। डार्क कलर के कपड़े मादा मच्छरों को अपनी ओर ज्यादा आकर्षित करते हैं। साल 2019 में हुई एक रिसर्च के मुताबिक ब्लड ग्रुप और मच्छर काटने के बीच संबंध गहरा है। कई अध्ययनों से यह साक्ष्य मिला है कि मच्छर अन्य ब्लड ग्रुप की तुलना में 'ओ' ब्लड ग्रुप वाले लोगों की ओर अधिक आकर्षित होते हैं।

**मच्छरों के लिए चुंबक होते हैं ऐसे लोग!**







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com

# शर्मनाक : पाकिस्तानी टीम के लिए नहीं मिल रहे प्रायोजक, हार से गिरी 'ब्रांड वैल्यू'

एजेंसी ▸▸ कराची

पाकिस्तान क्रिकेट एक बार फिर मुश्किल में है और इस बार चैंपियंस ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन के बाद राष्ट्रीय टीम के लिए प्रायोजक जुटाना भी सत्ताधारियों के लिए चुनौती बन सकता है। पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी भारत ने रविवार को दुबई में पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया जिससे मेजबान टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। भारत से हारने से एक दिन पहले ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड मैच के लिए गद्दाफी स्टेडियम में लोगों की शानदार भीड़ को देखकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अधिकारी आत्मविश्वास से भरे हुए थे।

### पीसीबी के लिए चुनौती

बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, 'लोगों की प्रतिक्रिया और पाकिस्तान से इतर मैच का आनंद लेते देखना एक उत्साहवर्धक अनुभव था। लेकिन अब चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि पाकिस्तान में बचे हुए मैचों के लिए दर्शकों की भीड़ आती रहे क्योंकि हम 29 साल बाद इतने बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहे हैं।'



**पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर**

1996 के विश्व कप के बाद पाकिस्तान में आठ टीमों की चैंपियंस ट्रॉफी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का पहला टूर्नामेंट है और उम्मीद थी कि घरेलू टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। सोमवार को न्यूजीलैंड की जीत का मतलब है कि बांग्लादेश और पाकिस्तान दोनों ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

### टीम की 'ब्रांड वैल्यू' पर असर

बोर्ड के वाणिज्यिक इकाई के एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि अगर पाकिस्तान सेमीफाइनल में नहीं भी खेलता है तो भी पीसीबी को वित्तीय रूप से कोई बड़ा झटका नहीं लगेगा क्योंकि केवल गेट पर्ची और मैदान की आय के अन्य स्रोत ही प्रभावित होंगे। लेकिन संकटग्रस्त टीम की 'ब्रांड वैल्यू' पर असर पड़ने वाला है। उन्होंने कहा, 'हमें मेजबानी शुल्क, टिकट बिक्री सहित आईसीसी राजस्व में हमारा हिस्सा मिलने की गारंटी है, लेकिन अन्य मुद्दे भी हैं जैसे कि लोगों का इस बड़े टूर्नामेंट में रुचि खत्म होना और प्रसारणकर्ता द्वारा आधे भरे हुए स्टेडियम दिखाना आदि। और सबसे बड़ी चिंता यह है कि यहां क्रिकेट के प्रति दीवानगी के बावजूद भविष्य में पाकिस्तान क्रिकेट को एक ब्रांड के रूप में बेचना आसान नहीं होगा।'

### हम एक जैसी गलतियां दोहरा रहे : रिजवान



**दुबई।** पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने कहा कि उनके खिलाड़ी लगातार एक जैसी गलती दोहरा रहे हैं और स्वीकार किया है कि यहां भारत से मिली हार के बाद उनकी टीम का चैंपियंस ट्रॉफी अभियान लगभग खत्म हो गया है। पाकिस्तान को रविवार को यहां भारत के हाथों छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था जिससे उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें लगभग समाप्त हो गई हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड ने उसे 60 रन से हराया था। ग्रुप ए में उसका आखिरी मुकाबला 27 फरवरी को बांग्लादेश से होगा। रिजवान ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, 'हमारा सफर लगभग समाप्त हो चुका है। अब हमें अन्य मैचों के परिणाम पर निर्भर रहना होगा। एक कप्तान के रूप में मुझे इस तरह की स्थिति पसंद नहीं है। हमें अपनी किस्मत खुद लिखनी चाहिए थी।'

## खबर संक्षेप



### मीराबाई चानू मोटापे के खिलाफ लड़ाई में शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मोटापे के खिलाफ लड़ाई में शामिल होते हुए ओलंपिक रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को जोर देते हुए कहा कि जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव इस 'बड़ी स्वास्थ्य समस्या' से निपटने में महत्वपूर्ण अंतर पैदा कर सकते हैं। इस पहल की शुरुआत सोमवार को हुई जब प्रधानमंत्री मोदी ने मोटापे से निपटने के प्रयासों का नेतृत्व करने के लिए चानू सहित विभिन्न क्षेत्रों से 10 व्यक्तियों को नामित किया। प्रधानमंत्री ने इससे एक दिन पहले ही लोगों से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आग्रह किया था जिसके बाद उन्होंने यह घोषणा की।

### यू मुंबा ने राकेश को बनाया मुख्य कोच

**मुंबई।** पूर्व भारतीय कप्तान और तीन बार के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता राकेश कुमार प्रो कबड्डी लीग में मुख्य कोच के रूप में नौ साल बाद यू मुंबा में वापस आएंगे। फ्रेंचाइजी ने सोमवार को इसकी घोषणा की।



पहले पीकेएल में सबसे अधिक राशि में बिकने वाले खिलाड़ी रहे राकेश तीसरे सत्र में फ्रेंचाइजी में शामिल हुए थे। यू मुंबा के सीईओ सुहैल चंडोक ने कहा, 'निश्चित रूप से भारत के सबसे महान कबड्डी खिलाड़ी, अर्जुन पुरस्कार विजेता, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण, वह खुद यू मुंबा के पूर्व खिलाड़ी हैं और हमारे परिवार में वापस आ गए हैं। मुझे राकेश का इस बार मुख्य कोच के रूप में स्वागत करते हुए बहुत खुशी हो रही है।'

### दिल्ली और गुजरात की नजरें बेहतर प्रदर्शन पर

**बेंगलुरु।** बल्लेबाजों के कमजोर प्रदर्शन से जूझ रहे गुजरात जाइंट्स और दिल्ली कैपिटल्स मंगलवार को यहां महिला प्रीमियर लीग मैच में जगह आमने-सामने होंगे तो जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेंगे। दोनों टीम को अपने पिछले मुकाबले में शिकस्त का सामना करना पड़ा है। पिछले दो सत्र में अंतिम स्थान पर रही गुजरात की टीम तीन मैच में सिर्फ एक जीत के साथ अंतिम स्थान पर है। टीम की पांच मैच में यह तीसरी हार थी।

## चैंपियंस ट्रॉफी: ऑलराउंडर ब्रेसवेल ने चार विकेट लेकर बने मैच के हीरो

# न्यूजीलैंड सेमीफाइनल में पहुंचा, भारत भी अंतिम चार में, पाकिस्तान-बांग्लादेश बाहर

एजेंसी ▸▸ रावलपिंडी

ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल के चार विकेट के बाद रचिन रविंद्र के शतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने सोमवार को यहां आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप ए मैच में बांग्लादेश को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। बांग्लादेश की इस हार के साथ उसके अलावा मेजबान और गत चैंपियन पाकिस्तान भी सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया जबकि भारत ने अंतिम चार में प्रवेश किया।

न्यूजीलैंड और भारत दोनों के समान दो-दो मैच में दो जीत से चार-चार अंक हैं। न्यूजीलैंड (प्लस 0.863) हालांकि भारत (प्लस 0.647) से बेहतर नेट रन रेट के कारण शीर्ष पर है। बांग्लादेश और पाकिस्तान ने अब तक अपने दोनों मुकाबले गंवाए हैं और उनके अंकों का खाता भी नहीं खुला है। न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश के 237 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र की 105 गेंद में 12 चौकों और एक छक्के से 112 रन की पारी और टॉम लैथम (55 रन) के साथ उनकी चौथे विकेट की 129 रन की साझेदारी से 46.1 ओवर में पांच विकेट पर 240 रन बनाकर जीत दर्ज की।



रविंद्र के शतक से ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंचा न्यूजीलैंड

### शंटो का अर्धशतक

बांग्लादेश की टीम इससे पहले ऑफ स्पिन गेंदबाजी करने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज ब्रेसवेल (26 रन देकर चार विकेट) और तेज गेंदबाज विलियम ओरोर्के (48 रन देकर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने नौ विकेट पर 236 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की ओर से कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने 110 गेंद में नौ चौकों की मदद से सर्वाधिक 77 रन बनाए लेकिन बीच के ओवरों में टीम के विशेषज्ञ बल्लेबाजों के पास न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का कोई जवाब नहीं था। सातवें नंबर के बल्लेबाज जाकिर अली ने अंत में 45 रन बनाकर टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

### स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| तनजीद का विलियमसन बो ब्रेसवेल | 24 | 24 | 1 | 2 |
| शंटो का ब्रेसवेल बो ओरोर्के | 77 | 110 | 9 | 0 |
| मिराज का सेंटनर बो ओरोर्के | 13 | 14 | 1 | 1 |
| तौहीद का विलियमसन बो ब्रेसवेल | 07 | 24 | 0 | 0 |
| रहीम का रविंद्र बो ब्रेसवेल | 02 | 05 | 0 | 0 |
| महमूदुल्लाह का ओरोर्के बो ब्रेसवेल | 04 | 14 | 0 | 0 |
| जाकिर अली रन आउट | 45 | 55 | 3 | 1 |
| रिषाद हुसैन का सेंटनर बो हेनरी | 26 | 25 | 2 | 1 |
| तास्किन का कॉनवे बो जेमीसन | 10 | 20 | 1 | 0 |
| मुस्ताफिजुर रहमान नाबाद | 03 | 05 | 0 | 0 |
| नाहिद राणा नाबाद | 00 | 04 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 25, कुल : 50 ओवर में 236/9
**गेंदबाजी :** हेनरी 9-0-57-1, जेमीसन 9-1-48-1, ब्रेसवेल 10-0-26-4 , ओरोर्के 10-1-48-2, सेंटनर 10-1-44-0, फिलिप्स 2-0-10-0.

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| विल यंग बो तास्किन | 00 | 06 | 0 | 0 |
| डेवोन कॉनवे बो मुस्ताफिजुर | 30 | 45 | 6 | 0 |
| विलियमसन का रहीम बो नाहिद | 05 | 04 | 1 | 0 |
| रविंद्र का स्थानापन्न बो रिषाद | 112 | 105 | 12 | 1 |
| टॉम लैथम रन आउट | 55 | 76 | 3 | 0 |
| ग्लेन फिलिप्स नाबाद | 21 | 28 | 2 | 1 |
| माइकल ब्रेसवेल नाबाद | 11 | 13 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त :** 06, कुल : 46.1 ओवर में 240/5
**गेंदबाजी :** तास्किन 7-2-28-1, नाहिद 9-0-43-1, मेहदी 10-0-53-0, मुस्ताफिजुर 10-0-42-1, रिषाद 9.1-0-58-1, शंटो 1-0-12-0.

### चैंपियंस ट्रॉफी पर मंडराया आतंकी साया

पाकिस्तान में हो रहे चैंपियंस ट्रॉफी 2025 एक बड़ी खबर सामने आई है। चैंपियंस ट्रॉफी पर अब आतंकी खतरा मंडराने लगा है। इस खबर ने खेल प्रेमियों की टेंशन बढ़ा दी है। मगर यह पहली बार नहीं है कि पाकिस्तान में ऐसा सबकुछ हो रहा है। 16 साल पहले भी यहां एक क्रिकेट टीम पर आतंकी हमला हुआ था। यह टीम श्रीलंका थी। चैंपियंस ट्रॉफी देखेन पहुंचे विदेशियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी पाकिस्तान खुफिया ब्यूरो ने एक अलर्ट जारी किया है। इसके मुताबिक इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत ने कथित तौर पर पाकिस्तान में मैच देखने आए विदेशियों को निशाना बनाने का प्लान बनाया है।

## हार पर उठाए सवाल

# मंदबुद्धि कप्तान, अजीब खिलाड़ी... पाकिस्तान के दिग्गजों ने अपनी ही टीम की बखिया उधेड़ी

एजेंसी ▸▸ कराची

एक और आईसीसी टूर्नामेंट और एक और बार भारत ने पाकिस्तान को धूल चटा दी। रविवार को दुबई में खेले गए चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले में रोहित एंड कंपनी ने रिजवान की टीम को छह विकेट से हरा दिया और लगभग टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। वहीं, टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंच गई। भारत के खिलाफ आईसीसी टूर्नामेंट में एक और हार के बाद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर्स से लेकर लोग बौखला गए हैं।

कुछ समय पहले पाकिस्तान में इस बात तक की चर्चा हुई थी कि भले ही पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी हार जाए, लेकिन भारत के खिलाफ जीत दर्ज करे। अब स्थिति ऐसी है कि न तो उन्हें भारत के खिलाफ जीत मिली और न ही चैंपियंस ट्रॉफी के अगले दौर में पहुंच सके। इसके बाद कई दिग्गज पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब



अख्तर, मोहम्मद हफीज, शोएब मलिक, मोहम्मद आमिर और अहमद शहजाद ने अपनी ही टीम की बखिया उधेड़ी है। इन सभी ने हार पर अलग अलग एनालिसिस किया, लेकिन सभी ने टीम चयन पर जरूर सवाल खड़े किए। सभी का मानना था कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गलत टीम चयन किया था और उन्हें इसका अंजाम भुगतना पड़ा। दुबई में भारत से पाकिस्तान की हार के बाद दिग्गज गेंदबाज वसीम अकरम ने अपनी निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रशंसक अब खाली वादों और उम्मीदों को बर्दाश्त करने के लिए तैयार नहीं हैं।

### अख्तर ने रिजवान को मंदबुद्धि बताया

हार के बाद एक पाकिस्तानी टीवी चैनल पर बोलते हुए अख्तर ने कहा, 'क्या आप बाबर को विराट से बेहतर मानेंगे? क्या आप श्रेयस अय्यर को खुशदिल



शाह से बेहतर मानेंगे? क्या आप रोहित शर्मा को मोहम्मद रिजवान से बेहतर मानेंगे? पिछले दस सालों से मैं सुन रहा हूं कि ये एक टैलेंडेड ग्रुप है। प्रतिभा कहां है? आप रन बनाकर और विकेट लेकर स्टार बन जाते हैं। मुझे कोई प्रतिभा नहीं दिखती। जब उनसे पूछा गया कि लोग उनकी बात सुनना चाहते हैं, तो अख्तर ने कहा, 'मैं 2011 से टीवी पर हूं, मेरा विश्वास करें, मैंने सब कुछ कह दिया है। मैं 2001 से देश के लिए क्रिकेट देख रहा हूं। अगर आप मंदबुद्धि लोगों को कप्तान बनाते हैं और अजीब लोगों को आने देते हैं, तो यही होगा।'

## चैंपियंस ट्रॉफी

# ऑस्ट्रेलिया-अफ्रीका के बीच आज होगी रन वर्षा



एजेंसी ▸▸ रावलपिंडी

अपने बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान का जीत से आगाज करने वाले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका मंगलवार को जब यहां आमने सामने होंगे तो पूरी संभावना है कि इस मैच में खूब रन बरसेंगे। इन दोनों टीमों का बल्लेबाजी विभाग काफी मजबूत है और इससे यह मुकाबला काफी रोचक हो सकता है। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दोनों ही इस मैच में जीत हासिल करके सेमीफाइनल की तरफ मजबूत कदम बढ़ाना चाहेंगे। ऑस्ट्रेलिया के कई प्रमुख खिलाड़ी चोटिल होने के कारण इस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले रहे हैं। इसलिए कम लोग ही उसे दावेदारों में शामिल कर रहे थे लेकिन लाहौर में इंग्लैंड के खिलाफ जिस तरह से उसने रिकार्ड लक्ष्य हासिल किया उससे साफ हो गया है कि आईसीसी की प्रतियोगिताओं में ऑस्ट्रेलिया को कमजोर आंकना बहुत बड़ी गलती होगी। ऑस्ट्रेलिया को टूर्नामेंट में पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेज़लवुड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी की कमी खलेगी, लेकिन कम से कम शुरुआती मैच में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन ने उनकी अनुपस्थिति की भरपाई कर दी।

## सीएसके ने श्रीराम को नियुक्त किया सहायक गेंदबाजी कोच

**चेन्नई।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर श्रीधरन श्रीराम आगामी इंडियन प्रीमियर लीग चरण में चेन्नई सुपर किंग्स के सहायक गेंदबाजी कोच होंगे। पांच बार की चैंपियन टीम ने सोमवार को इसकी घोषणा की। चेन्नई सुपर किंग्स ने 'एक्स' पर घोषणा करते हुए पोस्ट किया, 'हमारे सहायक गेंदबाजी कोच श्रीराम श्रीधरन को सलाम। चेपॉक की पिच से लेकर ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश में कई वर्षों तक कोचिंग देने वाले श्रीधरन गर्व के साथ इस नयी यात्रा पर निकल पड़े हैं।' बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी के पूर्व ऑलराउंडर श्रीधरन टीम में स्टीफन फ्लेमिंग (मुख्य कोच), माइक हसी (बल्लेबाजी कोच) और एरिक सिमंस (गेंदबाजी सलाहकार) के साथ काम करेंगे। सीएसके की स्पिन गेंदबाजी लाइनअप में आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, श्रेयस गोपाल, नूर अहमद, दीपक हुड्डा और रचिन रविंद्र शामिल हैं। श्रीधरन (49 वर्ष) ड्वेन ब्रावो की जगह लेंगे जो अब गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर (मार्गदर्शक) के रूप में शामिल हो गए हैं।



# राजस्थान ने रियल कश्मीर को 4-0 से हराया

एजेंसी ▸▸ जयपुर

राजस्थान यूनाईटेड ने सोमवार को यहां रियल कश्मीर पर 4-0 की शानदार जीत से आई लीग तालिका में ऊपर की ओर बढ़ना जारी रखा। राजस्थान यूनाईटेड ने पहले 32 मिनट में तीन गोल दाग दिए। एलेन ओयारजुन ने 13वें और माईकोल काब्रेरा ने 14वें ओर 32वें मिनट में दो गोल दागे। गौतम वीरवानी ने 90+4वें मिनट में टीम के लिए चौथा गोल किया। राजस्थान यूनाईटेड के इस जीत से 24 अंक हो गए हैं जिससे टीम चौथे स्थान पर पहुंच गई। वहीं रियल कश्मीर की खिताब की उम्मीदों को करारा झटका लगा और वह 26 अंक पर कायम है लेकिन तीसरे स्थान पर खिसक गई। टीम चर्चिल ब्रदर्स से तीन अंक पीछे है।



# तेजी से वैश्विक खेल शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा भारत



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल में राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के लिए उत्तराखंड की सराहना की। साथ ही यादगार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सराहा।

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि युवा खिलाड़ियों की दृढ़ता एवं उनके अनुशासन की बदौलत भारत तेजी से वैश्विक खेल शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों में 11,000 से अधिक खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन ने देवभूमि के नए स्वरूप को पेश किया।

उत्तराखंड देश में खेलों के मजबूत बल के रूप में भी उभर रहा है। इन खेलों ने दिखाया कि कभी हार न मानने वाले जीतते जरूर हैं। पीएम ने कहा, उत्तराखंड ने शानदार प्रदर्शन किया। राज्य 7वें स्थान पर रहा। यही तो खेलों की ताकत है, जो व्यक्ति विशेष और समुदाय के साथ पूरे राज्य का कायाकल्प कर देती है। युवा एथलीटों की दृढ़ता और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि आरामतलबी के साथ कोई चैंपियन नहीं बनता।





# राजिम कुंभ में फर्जी महामंडलेश्वर, संतों ने भिलाई के पुजारी के टेंट उखाड़े, पोस्टर फाड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर-भिलाई

राजिम कल्प कुंभ में कथित रूप से फर्जी महामंडलेश्वर को लेकर हंगामा मच गया। खुद को महामंडलेश्वर बताते हुए भिलाई के एक पुजारी ने वहां टेंट लगा दिया। टेंट पर एक पोस्टर लगा दिया जिसमें पुजारी का फोटो और महामंडलेश्वर लिखा हुआ था। संतों ने इस पर आपत्ति की और पोस्टर फाड़ दिया। आरोप है कि भिलाई के नेहरूनगर स्थित शेरोवाली मां के पुजारी ने खुद को तथाकथित महामंडलेश्वर बताया। अरुण मिश्रा अपने परिवार के साथ मंदिर के पीछे घर बनाकर रह रहे हैं। राजिम में मचे बवाल के बाद हरिभूमि की टीम उनके नेहरूनगर स्थित मंदिर और घर तक पहुंची। जहां अरुण मिश्रा तो नहीं मिले, लेकिन उनके बेटे नित्यानंद मिश्रा ने बताया कि पिता फिलहाल घर में नहीं हैं। वे पहले प्रयागराज गए हुए थे। पिछले दो से तीन दिन से वे राजिम में थे। वे मूल रूप से ठाठापुर कबीरधाम जिले के रहने वाले हैं। पिता का फोन नहीं लग रहा है। उन्हें राजिम में हुए घटनाक्रम के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

■ राजिम के संतों की चेतावनी–प्रशासन सतर्कता बरते, इस तरह टेंट कैसे लगे, जांच हो

उल्लेखनीय है कि सोमवार को अखिल भारतीय संत समिति की बैठक के बाद अखाड़ा परिषद संत महासभा, ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय संगठन ट्रष्ट समेत मुख्य अखाड़ा परिषद ने महामंडलेश्वर के नाम पर लगे टेंट का विरोध किया। संत महासभा के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी राजेश्वरानंद ने बताया कि भिलाई के अरुण मिश्रा अपने आपको को सूर्यवंशी अखाड़ा का महामंडलेश्वर बता रहे थे। उसे पकड़ा गया, जब उससे पूछताछ की गई, तो उसने बताया कि उसका संबंध में निर्मोही अखाड़ा से है। जब निर्मोही अखाड़ा के छत्तीसगढ़ प्रमुख से बात की गई, तो उन्होंने इस नाम के व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी होने से ही इंकार कर दिया।

## नाम हटाया-पोस्टर फाड़ा

स्वामी राजेश्वरानंद का कहना है कि सूर्यवंशी अखाड़ा अपने आपको बताकर फर्जी तरीके से टेंट में रहना प्रारंभ कर दिया था। अखाड़ा परिषद के सभी संतों ने उसकी गाड़ी से पहले उसका नाम हटवाया। इसके बाद बैनर-पोस्टर फाड़ दिया। बाद में अरुण मिश्रा कुंभ से चले गए। इस दौरान प्रमुख रुप से स्वामी परमात्मा नंद महाराज, राजीव लोचन, डॉ. स्वामी राजेश्वरानंद, राष्ट्रीय महामंत्री नरेन्द्र दास, महामंडलेश्वर सर्वेश्वर दास, महंत राधे श्याम, आचार्य रविन्द्र शास्त्री, भागवताचार्य रुपेश, साध्वी सौम्या, आजीवन निराहार संत गौतमा एवं मेले के अधिकारी मौजूद थे। अखिल भारतीय पंच रामानंदीय, निर्मोही अखाड़ा, दिगंबर अखाड़ा, निर्वाणी अखाड़ा, अग्नि अखाड़ा के संत महात्मा ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बजरंगी शंकर नगर प्रकल्प भी शामिल थे। सभी ने शासन एवं प्रशासन से विरोध किया है, साथ ही अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश निषेध करने की अपील की है।




रोचक खबरें

## तीन कुत्ते और तीन इंसान...इस पूरे देश में सिर्फ इतने ही लोग रहते हैं

मोलोसिया गणराज्य भले अपने आप को देश कहता हो, लेकिन इसे अभी तक संयुक्त राष्ट्र से मान्यता प्राप्त नहीं है।



न्यूयार्क। पूरी दुनिया में इस वक्त 225 देश हैं। कोई देश बहुत बड़ा है तो कोई बहुत छोटा। किसी देश में अरबों लोग रहते हैं तो कुछ देशों में महज़ कुछ हजार या लाख लोग रहते हैं। हालांकि, हम जिस देश की बात कर रहे हैं वहां इस वक्त मात्र तीन कुत्ते और तीन इंसान ही रहते हैं। इस देश के राष्ट्रपति का नाम है केविन वॉघ। इस देश में जब आप पहुंचेंगे तो वहां आपको राष्ट्रपति केविन वॉघ के नाम के नीचे जो पूरा शीर्षक लिखा मिलेगा वो है- हिज़ एक्सिलेंसी ग्रैंड एडमिरल कर्नल डॉक्टर केविन बॉघ, मोलोसिया के राष्ट्रपति और रईस, राष्ट्र के रक्षक और लोगों के संरक्षक। वहीं, इस देश में घूमने वाले लोगों को एक चीज का बहुत ख़याल रखना पड़ता है। दरअसल, इस देश में कैटफिश और प्याज बिल्कुल बैन है। यानी आप यहां ये दो चीजें ले कर नहीं जा सकते। अगर आपने ऐसा किया तो आपको जेल में डाल दिया जाएगा।

### कहां है ये देश

हम जिस देश की बात कर रहे हैं वह वास्तव में एक देश तो नहीं है, लेकिन आप इसे एक माइक्रोनेशन कह सकते हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि इसके पास अपनी नौसेना, नौसेना अकादमी, डाक सेवा, बैंक, अंतरिक्ष कार्यक्रम, रेलमार्ग और ऑनलाइन रेडियो स्टेशन है। ये देश संयुक्त राज्य अमेरिका के नेवाडा में स्थित है।

### कितना बड़ा है ये देश

ये माइक्रोनेशन 11 एकड़ में बसा है। इसे दुनिया ग्रैंड रिपब्लिक ऑफ गोल्डस्टीन या फिर मोलोसिया गणराज्य कहती है। इसकी स्थापना 1977 में हुई थी। इस देश की आबादी की बात करें तो ये मात्र 38 है। हालांकि, मौजूदा समय में यहां सिर्फ तीन कुत्ते और तीन इंसान ही रहते हैं। मोलोसिया गणराज्य भले अपने आप को देश कहता हो, लेकिन इसे अभी तक संयुक्त राष्ट्र से मान्यता प्राप्त नहीं है।

## भरोसेमंद बीवी नहीं मिलने पर शख्स ने कुकर से की शादी



जकार्ता। कुकर से शादी करने वाला शख्स खोइरुल अनम है जो इंडोनेशिया का रहने वाला है। इस शख्स ने अपने चावल बनाने वाले बर्तन से शादी करके सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है।

खोइरुल अनम ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उसमें देखा जा सकता है कि शादी के समय वह बकायदे शादी के कपड़े पहने हुए है। इतना ही नहीं, खोइरुल अनम ने अपनी होने वाली बीवी को भी दुल्हन वाला कपड़ा पहनाया है और घूंघट भी में है। शादी के दौरान दोनों एक-दूसरे के बगल में बैठे हैं। एक तस्वीर में खोइरुल अनम अपनी बीवी कुकर को चूमते हुए नजर आ रहा है। एक अन्य तस्वीर में खोइरुल शादी के कागज पर साइन कर रहा है। इस दौरान उसके बगल में कुकर भी है।

### लोगों ने क्या कहा?

खोइरुल अनम के बारे में अधिक रिसर्च करने पर पता चला कि ये इंडोनेशिया में काफी चर्चित हैं। अपने सोशल मीडिया फैंस के मनोरंजन के लिए अजीबो-गरीब कारनामें करते रहते हैं। सोशल मीडिया पर इस पोस्ट को दोबारा शेयर किया गया, इसके बावजूद यह वायरल हो गया है। इसपर 3 लाख से अधिक व्यूज आ चुके हैं। हजारों लोगों ने कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा कि निर्जीव वस्तु को भी लाइफ पार्टनर मिल सकते हैं।

### खोइरुल ने कुकर से शादी की बताई वजह

वैसे तो यह पोस्ट मौजूदा समय में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, लेकिन यह घटना साल 2021 की है। तब खोइरुल अनम ने पोस्ट करते हुए लिखा था कि 'मैंने अपने चावल बनाने वाले कुकर से शादी करने का फैसला किया, क्योंकि वह निष्पक्ष, आज्ञाकारी, प्रेमपूर्ण और खाना पकाने में अच्छा था।' सोशल मीडिया पर खोइरुल की यह पोस्ट आग की तरह फैल गई, लेकिन चार दिन बाद ही खोइरुल ने कुकर के साथ तलाक की घोषणा कर दी।

# हारने लगी टीम तो पाकिस्तानी फैन ने बदल ली जर्सी, भारत के लिए करने लगा चियर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैम्पियंस ट्रॉफी लीग के तहत दुबई में आयोजित मैच में रविवार को भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ शानदार जीत हासिल की। मैच के दौरान विराट कोहली की बल्लेबाजी और शानदार सतक चर्चा का विषय बना हुआ है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म क्रिकेट प्रेमियों के रिएक्शन के पोस्ट्स से भरे हुए हैं। इस बीच एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में एक पाकिस्तानी क्रिकेट फैन को जर्सी बदलते हुए देखा जा सकता है। जैसे ही पाकिस्तान ने इंडिया से मैच हारना शुरू किया। फैन ने हवा की रुख को समझते हुए तुरंत नीली जर्सी (भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी) निकाली और उसे पाकिस्तानी जर्सी के ऊपर ही पहन लिया। फिर खड़े होकर पूरे जोश में भारतीय खिलाड़ियों के लिए चियर करने लगा। वीडियो में देखा जाता है कि स्टैंड में एक लाइन से कई पाकिस्तानी फैन बैठे हुए हैं। इन सब से बीच में से एक शख्स नीली जर्सी निकालता है और उसे हरी जर्सी के ऊपर ही पहन लेता है। ये देख आस पास बैठे इंडियन क्रिकेट फैन हंसने लगते हैं। वो खुद भी हंसता है और फिर खड़े होकर चियर करने लगता है। मैच के दौरान फैन के जर्सी बदलने का वीडियो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो पर भारतीय क्रिकेट प्रेमियों का मजेदार रिएक्शन आया है।

### वायरल वीडियो देख यूजर्स ने कही ये बात

एक यूजर ने वीडियो पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ये हुई ना अच्छी बात। भारत माता की जय। वहीं, एक अन्य ने लिखा, 'बस ऐसे ही किसी दिन पाकिस्तान भी खुद को भारत के आगे समर्पण कर देगा क्योंकि खुद से तो कुछ भी नहीं चल रहा इनका। भारत की शरण में वापस आना पड़ेगा इनको।'

### मैच से पूर्व हुआ था हवन

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पूर्व भारत में जगह-जगह संतों ने हवन किया था। वाराणसी से लेकर अयोध्या में भी संतों ने टीम इंडिया की जीत के लिए हवन किया था। अंततः पाकिस्तान टीम को चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में 6 विकेट से हार झेलनी पड़ी. लगातार दो हार झेलने से पाक टीम पर चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है।

## पाक मीडिया बौखलाया, 22 पंडितों के जादू-टोने से हारे



भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान को 6 विकेट से रौंद डाला है। यह हार पाक टीम और उसके फैंस के लिए निराश कर देने वाली इसलिए भी है क्योंकि पाकिस्तान के लिए अब सेमीफाइनल के दरवाजे बंद हो गए हैं। एक तरफ सरहद के उस पार लोग निराश दिखे, वहीं भारतीय फैंस ने जमकर पटाखे फोड़े. अब एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग पाकिस्तान की हार पर चर्चा करते दिख रहे हैं। एक व्यक्ति ने तो यह दावा तक कर दिया कि टीम इंडिया ने कुछ जादू-टोना करके पाकिस्तान पर जीत प्राप्त की है। इस पॉडकास्ट पर चर्चा के दौरान एक व्यक्ति ने कहा कि भारतीय टीम ने अपने 22 पंडित दुबई स्टेडियम में भेजे थे। दावा किया गया कि पाकिस्तान के हर एक प्लेयर के लिए 2 पंडित रखे गए, जो जादू-टोना कर रहे थे। यह भी कहा गया कि टीम इंडिया इसी कारण पाकिस्तानी धरती पर नहीं आना चाहता था, क्योंकि वो यहां आते तो पंडितों को साथ नहीं ला पाते और इन्हीं 22 पंडितों के कारण पाकिस्तानी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने में परेशानी हुई। इस पॉडकास्ट पर चर्चा यहीं नहीं रुकी। एक व्यक्ति ने अंदर की खबर का हवाला देकर कहा कि मैच होने से एक दिन पहले भारत ने मैदान पर 7 पंडित उतारे थे, तब तक भारतीय टीम मैदान पर नहीं पहुंची थी. ऐसा भी बोला गया कि पंडितों द्वारा किए गए जादू-टोने के बाद ही भारतीय टीम को मैदान पर लाया गया था।

सिर्फ 43 हजार रुपए में निपटा दिया ब्याह!

## शादी में कपल को नहीं करना था ज्यादा खर्च, किया ऐसा जुगाड़



लंदन। भारत में शादी का मतलब होता है हफ्ते भर का जश्न जिसमें अलग-अलग रस्में होती हैं, मेहमान आते हैं, उनके लिए तैयारियां की जाती हैं। शादी में दूल्हा-दुल्हन के अपने कई खर्चे होते हैं, खाने-पीने से लेकर बैंड बाजे तक पर लोग लाखों रुपये खर्च कर देते हैं। अगर आप आज के वक्त में साधारण शादी भी करने जाएंगे तो कम से कम 10 लाख रुपए तो खर्च हो ही जाएंगे। मगर, ब्रिटेन के एक कपल को शादी में इतना खर्च नहीं करना था। उन्हें साधे ढंग से शादी करनी थी। बस इस वजह से इस कपल ने ऐसा जुगाड़ किया कि वो 43 हजार रुपयों में ही निपट गए। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार 26 साल की एली और 27 साल के एलेक्स हाल ही में शादी के बंधन में बंधे। जब वो शादी की तैयारियां कर रहे थे, तब उन्होंने पूरा खर्चा जोड़ा तो उन्हें समझ आया कि उन्हें कम से कम 10 हजार डॉलर (साढ़े 8 लाख रुपए) तक खर्च करना पड़ जाएगा। वो इतने रुपए खर्च करने के लिए तैयार नहीं थे। इस वजह से उन्होंने एक अलग आइडिया सोचा।

### कपल ने शादी में बचा लिए पैसे

कपल ने सिर्फ अपनी सबसे नजदीकी फैमिली को बुलाया, दो गवाहों को तैयार किया और सीधे घर के पास वाले मैरिज ब्यूरो में पहुंच गए। उनकी शादी सिर्फ 70 डॉलर (6 हजार रुपए) में निपट गई। अब जब बारी आए खाने-पीने की तो कपल ने गोल्डन आर्क्स शॉप से चीज बर्गर खरीद लिया और वही परिवार वालों का खाना हो गया। एली पहले से ही 2 बच्चों की मां हैं। उन्हें द जैम वेबसाइट से बात करते हुए कहा कि वो सिर्फ शादी करना चाहती थीं, मेहमानों को खुश करने के लिए खर्चा नहीं करना चाहती थीं। इस वजह से वो एक दिन में लाखों रुपये खर्च करने के पक्ष में नहीं थीं।

### पैसे बचाकर दो हनीमून पर जाएगा

रेजिस्ट्रार के पास जाने के लिए एली ने एक लंबा, सफेद गाउन पहना था, जिसकी कीमत 300 डॉलर (26 हजार रुपए) थी। वहीं , एलेक्स, जो एक फुटबॉल प्लेयर हैं, ने 200 डॉलर (17 हजार रुपए) का सूट पहना था। इस तरह कपल ने अपने ऊपर लगभग 43 हजार रुपए खर्च किए। इस तरह उन्होंने जो पैसे बचाए, वो उनके दो हनीमून पर खर्च होंगे। पहला होगा मिनी हनीमून जो पैरिस में होगा और फिर बड़ा हनीमून दुबई में होगा जहां वो 1 हफ्ते के लिए जाएंगे। कपल अब घर खरीदने में भी समझदारी दिखाएंगे और उसमें भी बचत करेंगे।

# इस महिला को है पानी से एलर्जी पीने और नहाने से करती हैं परहेज



यूनाइटेड किंगडम। मानव शरीर लगभग 75 प्रतिशत पानी से बना होता है और पानी जिंदा रहने के लिए बेहद अहम होता है। यह तत्व सभी अंगों को दुरुस्त रखता है और हमे सेहतमंद बनाए रखने में मदद करता है। हालांकि, क्या हो अगर आपको पानी से ही एलर्जी हो जाए? यह सुनने में अजीब लगता है, लेकिन ऐसा यूनाइटेड किंगडम की महिला के साथ सच-मुच हो रहा है। दरअसल, पानी के संपर्क में आते ही उनको असहनीय दर्द महसूस होता है। महिला का नाम केंडल ब्राइस है और उनकी उम्र महज 25 साल है।वह एक्वाजेनिक अर्टिकेरिया नामक दुर्लभ बीमारी से जूझ रही हैं, जो त्वचा से संबंधित एलर्जी है। केंडल बताती हैं कि जब भी वह पानी के संपर्क में आती है तो उसकी त्वचा सूज जाती है और उनके शरीर पर दाने या चकत्ते निकलने लगते है। अगर वह नहाती हैं तो उन्हें ऐसा महसूस होता है मानो किसी ने उनपर जलता हुआ लाइटर फेक दिया हो।

### नहाने के 2 घंटे बाद तक होता है असहनीय दर्द

केंडल अपना दुख बताते हुए कहती हैं, मैं इतनी बेबस हूं कि आज तक अपने एक साल के बेटे को नहला भी नहीं पाई हूं। उन्होंने बताया कि शुरुआत में पानी के संपर्क में आने से उन्हें ऐसा लगता था, जैसे कोई सुई चुभा रहा हो। हालांकि, पिछले कुछ सालों में दर्द इतना बढ़ गया है कि उनका शरीर सदमे में चला जाता है। नहाने के बाद उन्हें लगभग 2 घंटे तक दर्द होता है और वह रोती रहती हैं।

### केंडल के लिए पानी पीना और नहाना है बेहद मुश्किल

केंडल को केवल नहाते समय ही परेशानी नहीं झेलनी पड़ती, बल्कि नमी भरे मौसम से भी असुविधा होती है। वह गर्भवती हैं और अपने पहले बच्चे को भी संभाल रही हैं, जिस कारण उनका जीवन और भी कठिन होता जा रहा है। उन्होंने कहा, यह एक दैनिक संघर्ष है। मैं हफ्ते में केवल 2 बार ही नहा पाती हूं, क्योंकि दर्द बहुत भयानक होता है। केंडल के लिए पानी तक पीना मुश्किल है, क्योंकि उससे उनका गला जलने लगता है।

# आसमान में ग्रहों की परेड, एक लाइन में आएंगे सभी प्लेनेट

वॉशिंगटन।खगोल विज्ञान में दिलचस्पी रखने वालों के लिए 28 फरवरी को आसमान में एक दुर्लभ नजारा देखने को मिलेगा। इस दौरान अंतरिक्ष में सौर मंडल के सभी ग्रह एक साथ नजर आएंगे। इस घटना को ग्रहों का संरेखण या प्लेनेट परेड कहा जाता है। 28 फरवरी की रात को ग्रहों की परेड का चरम बिंदु होगा, जो पिछले महीने से चल रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि ये संरेखण काफी दुर्लभ है और फिर अगले 15 साल तक देखने को नहीं मिलेगा। इसके बाद इस तरह की ग्रहों की परेड साल 2040 में ही देखने को मिल सकती है। आसमान में यह ग्रहों का दुर्लभ मिलन होगा, जब सभी ग्रह 28 फरवरी को थोड़े समय के लिए एक साथ दिखाई देंगे। एक्सपर्ट का कहना है कि इसे देखने के लिए शहर की रोशनी से दूर खुले मैदान में जाना बेहतर होगा। इस दौरान मौसम साफ रहा तो यूरेनस और नेपच्यून को छोड़कर बाकी ग्रहों को नंगी आंखों से देखा जा सकेगा।



### क्यों खास है ग्रहों का ये संरेखण

खगोलविद के अनुसार ग्रहों के संरेखण तब होता है, जब ग्रह सूर्य के एक तरफ एक साथ दिखाई देते हैं। इस संरेखण में तीन से आठ ग्रह तक शामिल हो सकते हैं। एक बड़े संरेखण में आमतौर पर पांच या छह ग्रह होते हैं। ऐसा ग्रहों का संरेखण सबसे दुर्लभ है, जैसा कि 28 फरवरी को हो रहा है। बीते महीने, जनवरी में आंशिक ग्रह परेड के साथ क्वाड्रंटिड उल्का बौछार देखी गई थी। 28 फरवरी का संरेखण घटना की दुर्लभता के कारण बहुत खास होने की उम्मीद है। ग्रहों का यह संरेखण पूरे भारत में दिखाई देगा। देश के ज्यादातर शहरों में लोग इस दुर्लभ घटना को देख पाएंगे। साफ मौसम ना होने की स्थिति में दूरबीन से इस नजारे का मजा लिया जा सकता है। खगोल विज्ञानी इस घटना का इंतजार कर रहे हैं।

### कब होती है ग्रहों की परेड

ग्रहों का संरेखण से मतलब पृथ्वी और सौर मंडल के अन्य ग्रहों का सूरज के एक तरफ सीधी रेखा में संरेखित होना है। यह संभावना दुर्लभ है, क्योंकि सभी ग्रह एक तरफ नहीं आते हैं। लेकिन, कुछ ग्रहों का संरेखण हो जाता है। छह ग्रहों का एक लाइन में आना भी बहुत खास है। यह घटना तब और भी नाटकीय होती है, जब ग्रह आकाश में एक सीधी रेखा में दिखते हैं।

# O ब्लड ग्रुप वालों को ज्यादा काटते हैं मच्छर, रिसर्च में किया गया दावा

लंदन। सर्दियों से गर्मियां आते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। देश के कई हिस्सों में डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया और मच्छर जनित बीमारियों के मामले तेज़ी से बढ़ने लगते हैं। कभी आपने ये सोचा है कि आखिर कुछ लोगों को मच्छर ज्यादा क्यों काटते हैं, जबकि कुछ को कम। ऐसा माना जाता है कि जिन लोगों की त्वचा पर अधिक लैक्टिक एसिड बनता है, उन्हें मच्छरों द्वारा काटने की संभावना अधिक होती है। मच्छर लैक्टिक एसिड की ओर अधिक आकर्षित होते हैं। ऐसे में जिन लोगों की त्वचा पर अधिक लैक्टिक एसिड होता है, उन्हें मच्छरों के काटने की अधिक संभावना होती है। ऐसा माना जाता है कि मच्छर काटने के लिए अपने लक्ष्य की पहचान करने के लिए कार्बन डाइऑक्साइड का उपयोग करते हैं। मच्छरों को कार्बन डाइऑक्साइड या सीओ2 की गंध भी पसंद होती है। मादा मच्छर लगभग 150 फीट दूर से इस गंध को सूंघ सकती है। माना जाता है कि गहरे रंग के कपड़े पहनना भी मच्छरों के काटने का कारण हो सकता है। डार्क कलर के कपड़े मादा मच्छरों को अपनी ओर ज्यादा आकर्षित करते हैं। साल 2019 में हुई एक रिसर्च के मुताबिक ब्लड ग्रुप और मच्छर काटने के बीच संबंध गहरा है। कई अध्ययनों से यह साक्ष्य मिला है कि मच्छर अन्य ब्लड ग्रुप की तुलना में 'ओ' ब्लड ग्रुप वाले लोगों की ओर अधिक आकर्षित होते हैं।



### मच्छरों के लिए चुंबक होते हैं ऐसे लोग!

टैटू (गोदना) मिटाये
नई लेज़र तकनीक द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
डॉ. शुभांशु गुप्ता
M.s.(Ortho)
जोड़ एवं हड्डी रोग विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
- फ्रैक्चर का इलाज, जोड़ प्रत्यारोपण
- जोड़ो की चोटों का दूरबीन द्वारा इलाज
- सियाटिका, स्लिप डिस्क, कमर दर्द का इलाज
- जोड़ो का दर्द व गठिया (arthritis) का इलाज
- हड्डी का ना जुड़ना या हड्डी में मवाद पड़ने का इलाज
- हाथ पैर में जन्मजात विकृतियों का इलाज
- इम्पोर्टेड CR मशीन द्वारा डिजिटल एक्स-रे की सुविधा
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.) मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.) मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड़,सरायपाली (छ.ग.) मो. 8370008558
#Rajesh

जापानी-M (पुरूषों के लिए) कैप्सूल
जापानी-F (महिलाओं के लिए) कैप्सूल
शुद्ध जड़ी-बूटियों तथा भारतवर्ष की गरीमामयी वर्षों पुरानी आयुर्वेद पद्धति के बेजोड़ मिश्रण से बना एक ऐसा लोकप्रिय उत्पाद, जिससें आप ऊर्जा, क्षमता एवं स्फूर्ति का एहसास महसूस करेगें।
एक सुबह और एक शाम रोज खाया करें
सभी मेडीकल एवं आयुर्वेदिक स्टोर्स पर उपलब्ध
100% आयुर्वेदिक NO SIDE EFFECT
ज्यादा अच्छे परिणाम हेतु पुरूष जापानी-M कैप्सूल के साथ में जापानी तेल का भी नियमित इस्तेमाल करें।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com